


नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 200 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆मूल्य: 3 ₹ ◆पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 27 मई 2022





पेज -3 पर मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से अनुकंपा तिर्की को मिला ...

देवतुल्य चिकित्सकों का सम्मान की बजाय मारपीट कर रहे कांग्रेसी पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर में आज आयोजित आदिवासी समाज सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आदिवासी लोक संस्कृति, कला, भाषा, साहित्य के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे बादल एकेडमी की सहायता करने वाले जानकार पुरोधाओं, बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं जिला वन अधिकार समन्वयको को प्रशस्ति पत्र देकर समान्नित किया।

### राज्यपाल उइके से रमेश भट्टेरे ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में बालाघाट के पूर्व विधायक श्री रमेश भट्टेरे ने मुलाकात की। इस अवसर पर अपने क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर राज्यपाल से चर्चा की।

### पीपीटी एवं प्री एमसीए की परीक्षा 29 को होगी

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित पी.पी.टी. एवं प्री.एम.सी.ए. परीक्षा 29 मई को सुबह 9 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। उक्त परीक्षा के लिए तेरह परीक्षा केन्द्र बनाये गये है ।

# ट्रेनें बंद होने से फिर सड़कों पर उतरे लोग

## मुंह पर काली पट्टी बांध घेरा नेता प्रतिपक्ष का आवास, पूछा- मौन क्यों हैं भाजपा नेता

**बिलासपुर।** बिलासपुर में रेल बंदी को लेकर रेलवे प्रशासन के रवैए और मनमानी के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। छात्र युवा नागरिक रेलवे जोन संघर्ष समिति के विरोध प्रदर्शन के बाद अब जिला कांग्रेस कमेटी ने भी विरोध में मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मुंह में काली पट्?टी बांधकर बिल्हा विधायक और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के निवास का घेराव कर बेजुबान प्रदर्शन किया।

दोपहर में आंधी और बारिश के बीच बड़ी संख्या में कांग्रेसी व स्थानीय लोग धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं




पर निशाना साधा। उन्होंने मीडिया से कहा कि लगातार ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। वहीं छोटी स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज खत्म कर दिए गए हैं। इसके बावजूद बीजेपी के नेता खामोश है। केंद्र में उनकी सरकार होने के बाद भी जनता की समस्याओं को लेकर बीजेपी के नेता अपनी सरकार से चर्चा तक नहीं कर रहे हैं। बीजेपी नेताओं के इस रवैए के कारण छत्तीसगढ़ की जनता परेशान हो रही है। इसका सीधा असर छोटी स्टेशनों से आवागमन करने वाले ग्रामीण, छात्र, युवा व महिलाओ पर पड़ रहा है।

### ट्रेनों से छिन रहा रोजगार, आवागमन हुआ प्रभावित

*स्थानीय नेताओं ने कहा कि कोरोना काल के बाद से ट्रेनें बंद करने से ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोज बड़ी संख्या में ट्रेनों में सफर कर रोजी-मजदूरी करने शहर आते थे। ट्रेनों के जरिए ग्रामीण किसान अपनी सब्जियों को लेकर शहर पहुंचाते थे और दूध बेचने आते थे। लेकिन, ट्रेनें बंद होने से उनके रोजगार का साधन छिन गया है। इसके बाद भी केंद्र सरकार को कोई सुध नहीं है।*

डी. पुरंदेश्वरी का सियासी सवाल

## कहा-कांग्रेस का चेहरा कौन होगा बताएं, हम तो प्रधानमंत्री मोदी के विकास के सहारे उतरेंगे चुनावी मैदान में

रायपुर। छत्तीसगढ़ भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी ने कांग्रेस से एक सियासी सवाल पूछा है। उन्होंने कहा कि 2023 में कांग्रेस का चेहरा कौन होगा ये बताना चाहिए। दरअसल गुरुवार को डी पुरंदेश्वरी रायपुर पहुंचीं।




एयरपोर्ट पर मीडिया के लोगों ने पूछा कि भाजपा का चुनावी चेहरा तय हुआ या नहीं, इस पर जवाब देते हुए पुरंदेश्वरी ने कहा हमारा चेहरा तो विकास है। जो अच्छे काम हुए विकास के वही चेहरा है, कांग्रेस से पूछिए कि उनका चेहरा कौन होगा अबकी बार।

डी पुरंदेश्वरी ने इसके बाद कुभाभाऊ ठाकरे परिसर जाकर बैठक ली। इस बैठक में प्रदेश भाजपा के तमाम नेता मौजूद रहे। डी पुरंदेश्वरी ने स्थानीय नेताओं के प्रदेश के हर गांव, कस्बे, शहर और जिले का दौरा करने को कहा है। मोदी सराकर के 8 साल पूरे हो रहे हैं। पुरंदेश्वरी के दिए टास्क के मुताबिक अब छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र सरकार के काम बताएंगे। ये कोशिश होगी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहारे अगले चुनावों में भाजपा की तरफ खींचने की।

### छत्तीसगढ़ में सभी काम केंद्र के फंड से

पुरंदेश्वरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोई भी विकास कार्य नहीं हो रहा। यहां वही काम हुए हैं जिनके लिए केंद्र से फंड दिए हैं। इसके अलावा जो भी विकास हुआ है वो पिछली भाजपा के सरकार के वक्त ही हुआ है। कांग्रेस की वजह से छत्तीसगढ़ का विकास रुक गया है।

### सभी को सौंपा जिम्मा

अब डी पुरंदेश्वरी ने तय किया है कि महिला कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी की महिलाओं के साथ बातचीत करेगी। मोदी सरकार के कामों को बताएगी। एसटी मोर्चा बिरसामुंडा को लेकर रैली आयोजित करेगा।

हसदेव अरण्य पर राहुल गांधी के आदेश का अक्षरश

## पालन करेंगे, मंत्री रविंद्र चौबे बोले- पीएम मोदी के भाषणों में सिर्फ झूठ

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ सरकार के प्रवक्ता और कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी की उपलब्धि गिनाने पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के परिपेक्ष्य में पीएम मोदी की उपलब्धि कुछ भी नहीं है। यहां के पब्लिक सेक्टर के कारखाने नीलामी में चल रहे हैं। बस्तर के नगरनार प्लांट को बेचने लिस्टिंग कर दिए हैं।

आखिर उनकी उपलब्धि क्या है। महंगाई बढ़ रही है। बेरोजगारी कम नहीं हुई। किसानों को कोई मदद नहीं मिली। कोरोनाकाल में 20 लाख करोड़ देने की घोषणा



की गई थी और 20 पैसे भी नहीं मिले। पीएम मोदी के भाषणों में असत्य कथन होता है। लंदन के कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी द्वारा हसदेव अरण्य को बचाने पार्टी के अंदर बात करने और आदिवासियों का विरोध वाजिब होने की बात पर मंत्री चौबे ने कहा कि राहुल गांधी हमारे सर्वमान्य नेता हैं। हमारी सरकार राहुल गांधी के आदेश का अक्षरशः पालन करेगी।

नौतपा की शुरूआत में ही आंधी-पानी

## छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ उड़ी धूल, जीपीएम और रायपुर में बारिश, पेड़ गिरे

**रायपुर।** भीषण गर्मी के लिए प्रसिद्ध नौतपा की शुरुआत ही आंधी-पानी से हुई है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में गुरुवार को अंधड़ उठा है। वहीं पेण्ड्रा रोड में तेज बरसात रिकॉर्ड की गई है। दोपहर बार रायपुर में भी हल्की बरसात शुरू हुई है। नौतपा की शुरुआत बुधवार को हुई। पहले दिन ही कोण्डागांव, मनोरा, भैयाथान, कुनकुरी, जशपुर, तपकरा, दुलदुला, उदयपुर, रामानुजनगर, ओड़गी, लखनपुर और बस्तर क्षेत्रों में एक से चार मिलीमीटर तक बरसात दर्ज हुई। गुरुवार को अमरकंटक, पेण्ड्रा-मरवाही क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ मौसम



बदला। धूल भरी हवाओं का वेग इतना तेज था कि कई जगह पेड़ टूट गए। बिजली के खंभों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। क्षेत्र में बिजली चली गई। थोड़ी देर बाद पूरे इलाके में तेज बरसात शुरू हो गई। बरसात इतनी तेज थी कि सड़कों पर नाला बह निकला। बिलासपुर क्षेत्र में भी धूल भरी आंधियां चलीं। इसकी वजह से राह चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### मुख्यमंत्री ने दोनों भाई मानस और प्रियांश को दिए चेकमेट के टिप्स

**रायपुर ।** शतरंज की बिसात पर सबसे अहम होता है सामने वाले खिलाड़ी की अगली चालों को भांप कर अपनी चाल चलना । आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चेस में चेकमेट के ऐसे ही टिप्स एक दूसरे के खिलाफ शतरंज की बाजी खेल रहे चेस के नन्हे खिलाड़ी दो भाई प्रियांश तिवारी और मानस तिवारी को दिए। अपनी अगली चाल सोचने में तल्लीन दोनों बच्चों के पास पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने मानस से कहा- आप तो मुझे देखने लगे, आपका ऊँठ तो गया ! मुख्यमंत्री के शब्द सुनते ही बच्चों सहित उपस्थित सभी लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गयी।

सो रहे छोटे भाई की फरसे से काट दी गर्दन

## संपत्ति को लेकर दोनों भाइयों में होता था विवाद, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांगजीर-चांपा में बुधवार देर रात एक युवक ने अपने छोटे भाई की गर्दन काटकर उसकी हत्या कर दी। वारदात के दौरान छोटा भाई आंगन में सो रहा था। तभी बड़े भाई ने फरसे से वार कर दिया। दोनों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। सूचना मिलने पर गुरुवार को पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला जैजैपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, तुषा गांव निवासी छोटे लाल गोंड़ (23) और उसके बड़े भाई नंदू



गोंड़ (28) के बीच संपत्ति को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि बुधवार रात को छोटे लाल गोंड़ घर के आंगन में चारपाई पर सोया हुआ था। तभी देर रात नंदू पहुंचा और फरसे से छोटे लाल के गर्दन पर वार कर दिया। गर्दन पर वार करते ही छोटे लाल का सिर कटकर लटक गया।

स्थानीय लोगों को अगले दिन सुबह वारदात का पता चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी बड़े भाई को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों भाइयों के परिवार में कौन-कौन है, अभी जानकारी नहीं मिल सकी है। फिलहाल आसपास के लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

### पहाड़ी चौक गुढ़ियारी में नया स्मार्ट टायलेट का हुआ भूमिपूजन

**रायपुर ।** नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर के आदेशानुसार राजधानी शहर के नगर निगम जोन नम्बर 2 के तहत दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26 के वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सुन्दरलाल जोगी ने जोन 2 के कार्यपालन अभियन्ता विनोद देवांगन, जोन सहायक अभियंता , उपअभियंता, नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश शाखा के उपअभियन्ता विकास साहू एवं अन्य सम्बंधित निगम अधिकारयों की उपस्थिति में एक नवीन स्मार्ट टायलेट के निर्माण एवं विकास की शीघ्र सौगात देने फ्ल फोड़कर एवं कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए कार्यारम्भ करवाया।

इस बार एयरबस पर होगी सरकार

## छत्तीसगढ़ में नए हेलिकॉप्टर खरीदी की शुरू होगी प्रक्रिया, बजट में लाना चुनौती

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार का इकलौता हेलिकॉप्टर AW-109-Power क्रैश हो चुका है। ऐसे में सरकार अपने बेड़े में नया हेलिकॉप्टर शामिल करने की तैयारी में है।




इस बार सरकार की निगाह मध्यम श्रेणी के एयरबस हेलिकॉप्टर पर है। बताया जा रहा है, राज्य सरकार इस हेलिकॉप्टर की खरीदी प्रक्रिया जल्द शुरू कर सकती है। सरकार में उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है, सरकारी बेड़े में नए हेलिकॉप्टर की जरूरत डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते हुए महसूस की जाने लगी थी। अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर खरीदी विवादों की वजह से तत्कालीन सरकार नए सौदे से हिचकती रही। अब जब कोई हेलिकॉप्टर नहीं बचा है सरकार के पास दूसरा कोई चारा नहीं है। अधिकारियों का कहना है, किराए का हेलिकॉप्टर अधिक महंगा पड़ सकता है, इसलिए सरकारी बेड़े में खुद का हेलिकॉप्टर रखना ही किफायती और सुरक्षित है।

विमानन विभाग नए हेलिकॉप्टर को पहले से बड़ा चाहता है। इसकी वजह से उनकी निगाह में एयरबस का H-155 मॉडल है। मध्यम श्रेणी के इस सिविल हेलिकॉप्टर में दो पायलट के साथ 15 सीटें हैं। अधिकारियों का कहना था, पिछला हेलिकॉप्टर लाइट श्रेणी का 8 सीटर था।

**लोकार्पण..** बर्न यूनिट की लागत 3 करोड़ और 2 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है डी-एडिकक्सन यूनिट

## मुख्यमंत्री ने जगदलपुर के महारानी अस्पताल में बर्न यूनिट एवं डी-एडिकक्सन यूनिट का लोकार्पण किया

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के महारानी अस्पताल में बर्न यूनिट और डी-एडिकक्सन यूनिट का लोकार्पण किया। उन्होंने अस्पताल के नवलोकार्पित वार्डों सहित अस्पताल के मैटरनिटी वार्ड, हमर लैब और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने बर्न यूनिट के निरीक्षण के दौरान स्टाफ से कहा- बहुत बढ़िया बना है, इसे मेन्टेन कर के रखना।

महारानी अस्पताल में मातृ शिशु स्वास्थ्य संस्थान "कादम्बिनी" के प्रसव पश्चात देखभाल वार्ड में मुख्यमंत्री ने



**मुख्यमंत्री ने बर्न यूनिट के स्टाफ से कहा- बहुत बढ़िया बना है, इसे मेन्टेन रखना**

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष

शिशुवती माताओं से भेंट की। उन्होंने माताओं को फलों की टोकरी और बेबी केअर किट भेंट किया । मुख्यमंत्री ने माताओं को शिशु के जन्म पर हार्दिक बधाई और बच्चों की उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अस्पताल में सीसीटीवी सहित सुरक्षा आदि की व्यवस्था के सम्बंध में पूछा और अस्पताल में कैंसर पीड़ित मरीजों के इलाज तथा डॉ खूबचन्द बघेल योजना के तहत लोगों को मिल रहे मुफ्त इलाज की सुविधा के सम्बंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में रोज भर्ती हो रहे मरीजों की संख्या पूछी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने महारानी अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक और हमर लैब का निरीक्षण किया।



## बीजापुर में CRPF जवान ने की खुदकुशी

इलेक्ट्रिक ब्लेड से काट लिया खुद का गला, नक्सल मोर्चे पर तैनात था जवान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल मोर्चे पर तैनात सीआरपीएफ कैंप के एक जवान ने इलेक्ट्रिक ब्लेड (आरी) से खुद का गला काट लिया। घटना जैतालूर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 170वीं बटालियन का है। खून से लथपथ जवान पर साथी जवानों की नजर पड़ी। उसे तत्काल मेडिकल पोस्ट लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस व सीआरपीएफ के उच्च अफसर भी मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीजापुर थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज ने बताया मंगलवार दोपहर को यह घटना हुई। जैतालूर सीआरपीएफ कैंप में तैनात



हरियाणा के जिला महेन्द्रगढ़ निवासी मोहन गागर ने आत्महत्या की है। जवान ने इलेक्ट्रिक ब्लेड से खुद के शरीर को नुकसान पहुंचाया। अपने हाथों की नश और गला खुद ही काट लिया। खून से लथपथ जवान को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना अधिकारियों को देने के बाद जवान के शव को मेडिकल कालेज डिमरापाल भिजवाया गया। पीएम के बाद शव की एम्बाबिंग कर उसे कैंप में भिजवाया गया।

### खून से लथपथ मिला था, पुलिस कर रही जांच

पुलिस के मुताबिक बुधवार को जवान का शव हरियाणा उसके पैतृक गांव बावनिया भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि 33 वर्षीय मोहन गागर अप्रैल-2009 से सीआरपीएफ में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत था। उसने आत्महत्या क्यों की यह अभी पता नहीं चल पाया है।

# भारत निर्माण में अभूतपूर्व योगदान है पंडित नेहरू का!

*महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी सुख सुविधाओं को त्याग कर आजादी के आंदोलन में भाग लिया था। वे अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ लड़े थे। चाहे असहयोग आंदोलन की बात हो या फिर नमक सत्याग्रह या फिर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन हो ,उन्होंने गांधी जी के हर आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।*

पंडित जवाहरलाल नेहरू की विश्व के बारे में जानकारी से गांधी जी काफ़ी प्रभावित होते थे और इसीलिए आज़ादी के बाद वह उन्हें प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहते थे।महात्मा गांधी के ही प्रयास से वे देश के प्रथम प्रधानमंत्री बन पाए। सन् 1920 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ ज़िले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया था। सन 1923 में पंडित नेहरु अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव चुने गए।सन 1952 में देश मे पहले आमचुनाव हुए ,जिसमें कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आई और पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री चुने गए। इससे पहले वह सन1947 में आज़ादी मिलने के बाद से अंतरिम प्रधानमंत्री थे। संसद की 497 सीटों के साथ-साथ राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी चुनाव हुए थे। लेकिन जहाँ संसद में कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत हासिल हुआ ,वहीं कुछ राज्यों में कांग्रेस को दूसरे दलों से ज़बर्दस्त टक्कर मिली थी। कांग्रेस पार्टी बहुमत हासिल करने में चेन्नई, हैदराबाद और त्रावणकोर जैसे शहरों में विफल रही थी, उसे कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ी टक्कर दी थी। हालाँकि इन चुनावों में हिन्दू महासभा और अलगाववादी सिक्ख अकाली पार्टी को मुँह की खानी पड़ी थी। पहले चुनाव के बाद से ही कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) ने दक्षिणी राज्यों में जनसमर्थन बढ़ाना शुरू कर दिया था, जिसके नतीजे सन 1957 में हुए चुनाव में उसे मिले। त्रावणकोर-कोचिन और मालाबार को मिला कर बने केरल में कम्युनिस्ट पार्टी सत्ता में आई।सन



**नेहरू पुण्यतिथि पर विशेष**

1929 में जब लाहौर अधिवेशन में गांधी ने नेहरू को अध्यक्ष पद के लिए चुना था, तब से 35 वर्षों तक यानि सन 1964 तक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए पंडित नेहरू ने देश में विकास पटरी बिछाई थी , सन1962 में चीन से हारने के बावजूद, नेहरू अपने देशवासियों के आदर्श बने रहे। राजनीति के प्रति उनका धर्मनिरपेक्ष रवैया गांधी के धार्मिक और पारंपरिक दृष्टिकोण से भिन्न था। गांधी जी वस्तुतः सामाजिक उदारवादी थे, जो देश को धर्मनिरपेक्ष बनाने की चेष्ठा कर रहे थे। नेहरु लगातार आधुनिक संदर्भ में बात करते थे। वहीं गांधी प्राचीन भारत के गौरव पर बल देते थे।देश के इतिहास में एक ऐसा अवसर भी आया था, जब महात्मा गांधी को स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पद के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल और जवाहरलाल नेहरू में से किसी एक का चयन करना था। लौह पुरुष के सख्त तेवर के सामने नेहरू का विनम्र राष्ट्रीय दृष्टिकोण भारी पड़ा और वह न सिर्फ़ इस पद पर चुने गए, बल्कि उन्हें सबसे लंबे समय तक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की बागडोर संभालने का गौरव हासिल भी हुआ।

पंडित जवाहरलाल नेहरू एक महान् राजनीतिज्ञ , प्रभावशाली वक्ता ही नहीं, प्रसिद्ध लेखक भी रहे। उनकी आत्मकथा सन 1936 ई. में प्रकाशित हुई थी। उनकी अन्य पुस्तकों में भारत एक खोज, भारत और विश्व, सोवियत रूस, विश्व इतिहास की एक झलक, भारत की एकता और स्वतंत्रता और उसके बाद उल्लेखनीय हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश में औद्योगीकरण को महत्व बहुत महत्व दिया। भारी उद्योगों की स्थापना को उन्होंने प्रोत्साहन दिया। विज्ञान के विकास के लिए सन1947 ई. में नेहरू ने भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना की। भारत के विभिन्न भागों में स्थापित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अनेक केंद्र इस क्षेत्र में उनकी दूरदर्शिता के स्पष्ट प्रतीक हैं। खेलों में नेहरू की खास रुचि थी। उन्होंने खेलों को मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक बताया था। एक देश का दूसरे देश से मधुर सम्बन्ध क़ायम करने के लिए सन 1951 ई. में उन्होंने दिल्ली में प्रथम एशियाई खेलों का आयोजन कराया था। नेहरू ने भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद की स्थापना का लक्ष्य रखा था। उन्होंने आर्थिक योजना की आवश्यकता पर भी बल दिया। वे सन 1938 ई. में कांग्रेस द्वारा नियोजित राष्ट्रीय योजना समिति के अध्यक्ष भी बने। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् वे राष्ट्रीय योजना आयोग के प्रधान बने। नेहरू के व्यक्तिगत प्रयास से ही भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था।जवाहरलाल नेहरू ने निर्गुटता एवं पंचशील जैसे सिद्धान्तों का पालन कर विश्व बन्धुत्व एवं विश्वशांति को प्रोत्साहन दिया। उन्होंने पूंजीवाद, साम्राज्यवाद, जातिवाद एवं उपनिवेशवाद के ख़िलाफ़ जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। अपने क़ैदी जीवन में जवाहरलाल नेहरू ने डिस्कवरी ऑफ़ इण्डिया, ग्लिम्पसेज ऑफ़ वर्ल्ड हिस्ट्री एवं मेरी कहानी नामक पुस्तकों की रचना कर स्वयं को एक लेखक के रूप में भी सिद्ध किया।उनको बच्चे बहुत प्रिय रहे,बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू के रूप में सम्मान देते थे।तभी तो उनका जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया जाता है।

डॉ श्रीगोपाल नारसन

## संपादकीय

### भारत का ऑटो मोड सफर!

यों भारत हमेशा भाग्य भरोसे रहा है। हिंदुओं का इतिहास है कि वे कभी लंबी-सुरक्षित-अच्छे सफर की नियति लिए हुए नहीं रहे। बार-बार खंड-विखंड और पानीपत की लड़ाइयों से कुचले जाते रहे। मंजिल नहीं मिली। सन् 1947 से नया सफर शुरू हुआ। वह सब बनाया जो एक राष्ट्र के लिए जरूरी होता है। मगर पहले दिन से हिंदुओं के मन में टीस रही कि वे जो चाहते थे, वह नहीं मिला। इतिहास का बदला पूरा नहीं हुआ। इसलिए सन् 2014 में नरेंद्र मोदी की तख्तपोशी हिंदू मन का संतोष था कि अब दिन बदलेंगे। हिंदू वह सब कर सकेगा जो नहीं होता आया है। अच्छे दिए आएंगे। भारत का नया सफर, नई उड़ान। और तब से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बतौर पायलट हिंदुओं को सफर का जो अनुभव कराते हुए हैं और मोदी, संघ परिवार और भक्तों को सत्ता, फ्री के राशन-पानी, और न्यू इंडिया बनाते हुए है उससे चुनाव की विजय गाथाएं बनते हुए है तो हिंदुओं का वह ऑटोमेटिक व्यवहार बना है कि वे जो चाहें, जो करें, जो खोजें उसकी तुरंत प्राप्ति। खोए हुए बाबा मिल गए। खोई हुई श्वेत आर्थिकी मिल गई। खोई हुई आत्मनिर्भरता मिल गई। मुसलमान के आगे दबा-झुका सिर खड़ा हो गया। हिंदुओं की विलुप्त विश्व गुरूता, उसका विश्व नेतृत्व बहाल हो गया। हिंदुओं का ज्ञान-विज्ञान, दया-करूणा, मानवता-शौर्य का दुनिया में झंडा! इस बात का अर्थ नहीं है कि दुनिया क्या सोचती है, और 140 करोड़ लोगों का जीवन क्या है? असल बात नया सफर, नए तरह का सफर। हिंदुओं का मनमर्जी का सफर।

## कुरुक्षेत्र: निर्दलीय सिब्बल हो सकते हैं विपक्ष के साझा राष्ट्रपति उम्मीदवार!

कांग्रेस में लंबे समय तक शीर्ष स्तर पर रहे और यूपीए सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले कपिल सिब्बल ने सियासत में नई राह चुन ली है। सिब्बल का यह कदम भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए मुश्किल पैदा कर सकता है और उनके इस कदम से राजनीति में न सिर्फ एक निष्पक्ष और दलगत राजनीति से ऊपर उठने वाली आवाज का रास्ता बनेगा, बल्कि अगले लोकसभा चुनावों के लिए बनने वाले विपक्षी मोर्चे को एक बड़ा चेहरा भी मिल गया है।

एक ऐसा चेहरा जो तमाम गैर भाजपा दलों और उनके क्षत्रपों को एक विपक्षी माला में पिरो कर एक तरफ कांग्रेस को उसका समर्थन करने को विवश कर सकता है, तो दूसरी तरफ भाजपा के लिए नई चुनौती भी खड़ी कर सकता है। इसकी शुरुआत अगले महीने से शुरू होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से भी हो सकती है, जिसमें समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा में निर्दलीय पहुंचने वाले कपिल सिब्बल की एक अहम भूमिका हो सकती है। सिब्बल विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार भी हो सकते हैं या किसी नाम पर साझा सहमति भी बनवाने का काम कर सकते हैं।



**कपिल सिब्बल की सर्व स्वीकार्यता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए एक राय बन रही है कि उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष का साझा उम्मीदवार बना दिया जाए। इसके लिए तमाम गैर-भाजपा क्षत्रप नेताओं से बातचीत शुरू हो चुकी है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने की बजाय उसके समर्थन से राज्यसभा में कपिल के जाने के पीछे यही रणनीति है...**

कांग्रेस छोड़कर समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा में कपिल सिब्बल की वापसी से कांग्रेस के भीतर जी-23 की मुहिम ही ध्वस्त हो गई है। सिब्बल की इस चाल से कांग्रेस के भीतर सोनिया गांधी परिवार की पार्टी पर पकड़ और मजबूत हो गई है। अब कांग्रेस के भीतर नेतृत्व को चुनौती देने वाला कोई समूह नहीं बचा है। क्योंकि जहां इस मुहिम के अगुआ कपिल सिब्बल पार्टी से अलग होकर सपा के खेमे में चले गए हैं, वहीं दूसरे अगुआ गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी, शशि थरूर, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मुकुल वासनिक, मनीष तिवारी ने नेतृत्व के दबदबे को मंजूर करते हुए पार्टी के कामकाज में अपनी भूमिकाएं स्वीकार कर ली हैं। ये सब न सिर्फ उदयपुर नवसंकल्प चिंतन शिविर में पूरी सक्रियता से शामिल हुए बल्कि अब कुछ को अहम समितियों और समूहों में जगह भी मिल गई है। सपा के समर्थन से कपिल के राज्यसभा जाने और बाकियों के नेतृत्व के सामने झुकने से जी-23 की मुहिम को लेकर शुरू में ही की गई एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी कि यह मुहिम सिर्फ ध्यानार्कषण प्रस्ताव है, सही साबित हो गई है। सवाल है कि अब कपिल सिब्बल की नई पारी से आगे क्या-क्या हो सकता है। दरअसल सिब्बल अब तक कांग्रेस के टिकट पर ही लोकसभा और राज्यसभा में रहे हैं और वह पार्टी अनुशासन से बंधे रहे। इसलिए कई बार अपने मन की बात न तो सदन में और न ही सदन के बाहर कह सके। पिछले कुछ महीनों से उनके तेवर कांग्रेस नेतृत्व को लेकर काफी तीखे थे। उनका भाजपा विरोध और धर्मनिरपेक्षता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जगजाहिर है, इसलिए उन पर भाजपा या मोदी सरकार के हाथों खेलने का आरोप नहीं लग सका। एक जमाने में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के बेहद भरोसेमंद रहने वाले कपिल सिब्बल तमाम कानूनी विवादों में परिवार और पार्टी दोनों के संकटमोचक रहे हैं। इसी तरह कपिल लगभग सभी गैर भाजपा दलों के क्षत्रप नेताओं के कानूनी मामले भी देखते रहे हैं।

वह ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन, एनसीपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, नवाब मलिक, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदि के वकील भी रहे हैं। उनके रिश्ते नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी और चंद्रशेखर राव से भी अच्छे हैं। एनसीपी नेता शरद पवार भी कपिल सिब्बल को खास मानते हैं।

विनोद अग्निहोत्री

## मिला जुला

# राशन दुकान में नमक से लेकर शक्कर का गमन, दुकान का लायसेंस हुआ रद्द

**बिलासपुर** । बिल्हा ब्लाक के बांका उचित मूल्य दुकान में नमक से लेकर शक्कर गायब के स्टाक में भारी कमी पाई गई है। खाद्य अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान 3.67 क्विंटल नमक, 27.1 क्विंटल चावल, व 1.39 क्विंटल शक्कर का शार्टेज मिला है। स्टाक में गड़बड़ी के आरोप में खाद्य विभाग ने दुकान का लाइसेंस रद कर दिया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन की सक्रियता भी बढ़ने लगा है। आला अधिकारियों से लेकर मैदानी अमला अब गांव की ओर नजर आने लगा है। सीएम के दौरे के दौरान सबसे ज्यादा




शिकायत राशन कार्ड ना बनने के अलावा राशन दुकानों से नियमित रूप से खाद्यान्न की आपूर्ति ना होने की मिल रही है। सीएम की नाराजगी भी अधिकारियों को झेलनी पड़ रही है।

प्रवास से पहले राशन दुकानों में खाद्यान्न् आवंटन व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए प्रशासनिक अमला गांव की ओर नजर आ रहा है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग के अधिकारी भी गांवों की खाक छान रहे हैं और लोगों से लगातार फीडबैक ले रहे हैं। बिल्हा ब्लाक के ग्राम बांका के उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा समय पर खाद्यान्न की आपूर्ति ना करने की शिकायत मिल रही थी। सहायक खाद्य अधिकारी राजीव लोचन तिवारी और खाद्य निरीक्षण मंगेशकांत ने बांका के उचित मूल्य की दुकान की जांच की। इस दौरान खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी मिली। खाद्य अधिकारियों को विक्रेता सुनाराम मरावी ने बताया कि मई माह में वितरण के दौरान कार्डधारियों को पात्रता से कम चावल की आपूर्ति की गई है।

पीडीएस में आवंटन अनुसार खाद्यान्न मात्रा दर्ज की गई है। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि उचित मूल्य दुकान संचालक द्वारा कार्डधारकों को तय मात्रा में खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं की गई है। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 317 के तहत खाद्य विभाग ने बांका के राशन दुकान का लाइसेंस रद करने एसडीएम बिल्हा को प्रतिवदेन पेश किया है। दुकान का लाइसेंस निलंबित होने की स्थिति में गांव के राशनकार्डधारकों को पास के गांव में संचालित उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न आपूर्ति की अस्थाई व्यवस्था के लिए खाद्य विभाग ने प्रस्ताव भी दिया है।

### राशन दुकान में मिली गड़बड़ी

***राशन दुकान के भौतिक सत्यापन के दौरान 3.67 क्विंटल नमक,27.1 क्विंटल चावल व 1.39 क्विंटल शक्कर का स्टाक कम मिला है। इसके अलावा पंजी का संधारण भी नहीं किया गया है। स्टाक सूची एवं मूल्य प्रदर्शन बोर्ड दुकान में नहीं पाया गया। आवंटन सूची दुकान में मौजूद नहीं पाई गई। दुकान का पुताई तिरंगा रंग से नहीं किया गया है।***

## भाजयुमो के अध्यक्ष तेजस्वी 12 जून को आएंगे छत्तीसगढ़



**रायपुर** । भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या 12 जून को छत्तीसगढ़ आ सकते हैं। उनके पहले छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर युवा मोर्चा ने तैयारी तेज कर दी है। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि रोजगार, बेरोजगारी भत्ता और अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर उनके नेतृत्व में राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि इस प्रदर्शन में मोर्चा के प्रदेशभर से करीब 50 हजार पदाधिकारी और कार्यकर्ता जुटेंगे और राज्य सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का संभावित कार्यक्रम 12 जून को तय हुआ है। साहू ने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव बेरोजागरी भत्ता और रोजगार नहीं मिलने के मुद्दे को लेकर जाएंगे।

### हर बूथ पर तैयार की जा रही है 20 यूथ की टीम

इसके साथ ही हर बूथ पर 20 यूथ की टीम तैयार की जा रही है। ऐसा करके प्रदेश में करीब पांच लाख युवाओं की टीम तैयार होगी, जो कांग्रेस के चुनावी वादों की याद दिलाते हुए सरकार को घेरेगी।

**शहीद नंदकिशोर पटेल शोधपीठ का द्वितीय सृमति व्याख्यान**

# मैंने एक पिता खोया प्रदेश में एक जननायक - मंत्री उमेश पटेल

बिलासपुर ।मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि 25 मई का दिन मैं कभी नहीं भूल सकता। आज के दिन मैंने अपना पिता खोया है। परंतु प्रदेश ने एक जन नायक नेता को खोया था।



अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में शहीद नंद कुमार पटेल लोक प्रशासन एवं अपराध अध्ययन शोधपीठ के द्वारा द्वितीय स्मृति व्याख्यान का आयोजन कार्यपालिका, न्यायपालिका के मध्य अंर्तसंबंध विषय पर विश्वविद्यालय के सभागार पर सम्पन्न् हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अभासी रूप में शामिल हुए मंत्री उमेश पटेल ने आगे कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का काला अध्याय है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व आईएएस बीकेएस. रे जी ने अपने संबोधन में कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को प्रजातंत्र के सफलता के लिए आवश्यक माना। उन्होंने कहा कि निरंकुश सत्ता भ्रष्टाचार को जन्म देती है इसलिए ये तीनों शक्तियां अलग-अलग रूप से कार्य करते हुए भी लोकतंत्र के मुख्य आधार स्तंभ है। शहीद नंद कुमार शोधपीठ के निर्देशक व शहर के समाज सेवी डा. विवेक वाजपेयी ने शहीद नंद कुमार पटेल के साथ मत्वपूर्ण बीते पलों को याद किया तथा झीरम घाटी की घटना को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि 25 मई 2013 को जो घटनायें घंटी वह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण था। सरकार के समस्त अंगों को मिलकर कार्य करना चाहिए जिससे प्रजातंत्र सुरक्षित एवं समृद्धशाली बने रहे इसी से सही मायने में जनता का शासन स्थापित होगा। कार्यक्रम के समपान में सभी अतिथियों ने विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग द्वारा आयोजित होने वाली अन्तर्राष्टीय सेमीनार के पत्रिका का विमोचन किया धन्यवाद ज्ञापन अधिष्ठाता छात्रकल्याण डॉ. एच.एस. होता ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो.सुधीर शर्मा, सहायक कुलसचिव रामेश्वर राठौर, कार्यक्रम समन्वयक धर्मेन्द्र कश्यप एवं रश्मि गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पीके. पाण्डेय, उपकुलसचिव नेहा यादव, हर्ष पाण्डेय, रासेयो समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा परीक्षा प्रभारी प्रदीप सिंह, सौमित्र तिवारी, जितेन्द्र गुप्ता, गौरव साहू अपर संचालक डॉ. एस. आर. कमलेश सहित विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य प्राध्यापक शहर के गणमान्य नागरिक, मिडिया के सदस्य सहित विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, विद्यार्थी, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तालापारा में नाबालिग की हत्या का न्यायालय में चलान पेश

# एनएसयूआई नेता तक नहीं पहुंच पाई बिलासपुर की स्मार्ट पुलिस

**बिलासपुर** । तीन महीने पहले तालापारा में नाबालिग की हत्या की जांच के बाद पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने मामले में 12 नाबालिग समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में एनएसयूआइ नेता समेत पांच आरोपित फरार हैं। पुलिस फरार आरोपित को नहीं पकड़ पाई। उनकी फरारी में पुलिस ने चालान पेश कर दिया है। तालापारा में 25 फरवरी को धक्का लगने के विवाद में कुछ लोगों ने राजीव गांधी चौक के पास रहने वाले नवीन महादेवा(17) को चाकू मार दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने पर उन्होंने उदय चक्रधारी पर भी हमला किया। हमले में घायल



नवीन और उदय को उनके दोस्त मोहम्मद शाकिर और अन्य अस्पताल लेकर गए। अस्पताल में डाक्टरों ने नवीन को मृत घोषित कर दिया।

वहीं, उदय को भर्ती कर उपचार किया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद कुछ ही घंटों में चार नाबालिग को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू जब्त कर लिया। बाद में चली जांच के बाद पुलिस ने मामले में एक युवक समेत कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया। इधर नवीन के स्वजन और घायल के बयान के बाद पुलिस ने एनएसयूआइ नेता वसीम खान को मामले में आरोपित बनाया। इस बीच आरोपित वसीम और उसके साथी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपित की फरारी के दौरान बुधवार को न्यायालय में चालान पेश किया है।

एट्रोसिटी एक्ट भी जोड़ा - घटना के बाद नवीन के स्वजन ने मामले में एट्रोसिटी एक्ट के लगाने की मांग की थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने एट्रोसिटी एक्ट जोड़कर सीएसपी को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद घटना की सीएसपी मंजुलता बाज जांच कर रही थीं।

### स्वयंसेवी संगठनों ने किया था प्रदर्शन

घटना के बाद आरोपित वसीम खान की गिरफ्तारी नहीं होने पर नवीन महादेवा के स्वजन के साथ स्वयंसेवी संगठन के सदस्यों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने पुलिस पर आरोपित को संरक्षण देने का आरोप लगाया। इस दौरान पुलिस के अधिकारियों ने आरोपित को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था।

# राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्षता में बाल अधिकारों के संरक्षण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न

## बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए संरक्षण की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर करें कार्य- तेजकुंवर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तेजकुंवर नेताम की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाल अधिकारों संरक्षण हेतु समीक्षा बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विधायक जशपुर विनय भगत, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, बाल विकास संरक्षण आयोग की सदस्यगण पुष्पा पाटले,आशा यादव, सोनल कुमार गुप्ता आगस्टिन बर्नार्ड, एवं बृजेन्द्र ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण पांडेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, एसडीओपी जशपुर आरएस परिहार, सूरज चौरसिया सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

नेताम ने कहा कि उत्साह और उमंग से भरा बचपन प्रत्येक बच्चों का अधिकार है। उनका बचपन बेहद खुशनुमा और प्रेम भरा होना चाहिए। इस हेतु बच्चों के अधिकारों का संरक्षण जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए संरक्षण की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने अभिभावकों, प्रशासन समाज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सामूहिक रूप से प्रयास करने की बात कही। जिससे बच्चों के विकास के लिए बेहतर कार्य किया जा सकता है। नेताम ने जिले में बाल संरक्षण के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विभागए जिला प्रशासन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के साथ आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं का और बेहतर क्रियान्वयन करे जिससे जिले के बच्चों को लाभ मिल सके। विधायक भगत ने कहा कि बच्चे मासूम एवं उम्मीदों से भरे होते हैए इस हेतु बच्चों को विशेष ख्याल रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सतत रूप से कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है जिसका लाभ उन्हें मिलना चाहिए। साथ ही उन्हें नशा के सेवन से बचाने के लिए विशेष ध्यान देने की बात कही साथ ही सतत निगरानी रखने के लिए विभाग प्रमुखो को कहा। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जीवन की नींव एक सुरक्षित व समृद्ध बचपन में छिपी होती है इसलिए भविष्य की मुख्य कड़ी बच्चों के हित में कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि महिला बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिम जाति, श्रम सहित अन्य विभागों में बच्चों को लाभ पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि नशा के साथ ही बाल अपराध की शुरुआत होती है। इसलिए सभी सार्वजनिक स्थानों, पान ठेलों सहित मेडिकल स्टोर पर पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित जांच करने एवं निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिले में यूनिसेफ एवं जिला प्रशासन की सहयोग से बाल अधिकारों के संरक्षण, सुरक्षित प्रवास, बाल विवाह की रोकथाम सहित अन्य जन जागरूकता कार्य के लिए जय हो कार्यक्रम की शुरुआत किया गया है। जिनके द्वारा सभी विकासखंड पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा जिले में बच्चों के लिए अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा का अधिकार के बेहतर क्रियान्वयन, विद्यालय के मरम्मत योग्य एवं जर्जर भवनों के कार्य योजना पर चर्चाए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उपलब्ध शिक्षा के संसाधनों, बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए स्कूलों में खेलकूद की व्यवस्था तथा स्कूली बच्चों में कोविड संक्रमण से बचाव एवं टीकाकरण की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई। उन्होंने असमर्थ अथवा बिस्तर में रहने वाले दिव्यांग बच्चों के लिए घर पर शिक्षा हेतु शिक्षकों की व्यवस्था करने के लिए कहा। कलेक्टर ने शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग को जिले में ऐसे बच्चों की सर्वे कराकर सूची तैयार करने हेतु निर्देशित किया। इसी तरह जिले के चिकित्सालयों में शिशुओं के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी, पोषण पुनर्वास केन्द्र, टीकाकरण, राज्य शासन द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए चलायी जा रही योजनाओं, सामान्य टीकाकरण एवं कोविड संक्रमण से बच्चों के बचाव एवं वैक्सीनेशन की अद्यतन स्थिति के बारे में समीक्षा की गई। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण और मुआवजा समय पर दिलाने, समय-समय पर बाल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की बात कही। इसी तरह बच्चों से संबंधित आवासीय संस्थाओं जैसे बाल गृहए आश्रम, छात्रावास में उनके समुचित देखभाल, भोजन, सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सभी अधिकारियों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करने की बात कही।

# एक नजर

### सफलता की कहानी

## मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से अनुकंपा तिर्की को मिला 20 हजार की राशि

उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु करेंगे राशि का उपयोग

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निरंतर विभिन्न शासकीय योजनाओं से प्रत्येक वर्ग के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जशपुर जिले में श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत् प्रोत्साहन राशि के रूप में पंजीकृत निर्माण श्रमिक की दो अविवाहित पुत्रियों को 20 हजार रुपए प्रदान किया जा रहा है। योजना से जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जुरगूम निवासी महेश राम की पुत्री अनुकंपा तिर्की को 20 हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया है। अनुकंपा तिर्की ने बताया कि उनके पिताजी राजमिस्त्री का कार्य करते है। जिससे परिवार का भरण पोषण होता है। इसके अलावा उनके परिवार के आय का अन्य कोई साधन नहीं है। अनुकंपा ने बताया कि वह इस वर्ष 12 कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत् उन्हें 20 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। उक्त राशि का उपयोग वह अपने उच्च शिक्षा के लिए करेंगी। अनुकंपा कहती है कि यह योजना गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक बहुत ही कारगर योजना है। जिससे बेटियों को आगे बढ़ाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे उच्च शिक्षा के लिए चितिंत थी परंतु एक साथ 20 हजार की राशि मिल जाने से अब उन्हें उच्च शिक्षा लेने हेतु बहुत बड़ी सहायता मिली है। जिससे वे प्रोत्साहित भी हुई है। अनुकंपा के पिता महेश राम ने कहा कि उनकी पुत्री के शिक्षा के लिए वह भी चिंतित थे। राजमिस्त्री के कार्य से मिलने वाले राशि से उनके परिवार का खर्च ही हो पाता है। जिससे उन्हें अपने पुत्री को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने में परेशानी होती। उन्होंने कहा कि नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत् उनकी पुत्री को सहायता राशि मिला है। जिससे वह अपनी पुत्री के सपने को आगे बढ़ाने के लिए निश्चिंत हो गए है। महेश राम व उनकी पुत्री अनुकंपा ने उक्त योजना के लिए जिला प्रशासन एवं छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया।



## राजस्व शिविर में कलेक्टर हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



आम लोगों की छोटी-मोटी राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए जिले में राजस्व शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज बेरला विकासखण्ड के ग्राम कुसमी में आयोजित राजस्व शिविर में शामिल हुए। कलेक्टर ने किसानों को किसान किताब ऋण पुस्तिका का वितरण किया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि राजस्व विभाग द्वारा अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फ ौती के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें तत्पश्चात कलेक्टर ने बेरला के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पहुंचकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के निर्माणाधीन कार्यों का मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 जून 2022 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लेवें, ताकि नया शिक्षा सत्र से विधिवत कक्षा प्रारंभ की जा सके। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संदीप ठाकुर, बीईओ बेरला भी उपस्थित थे।

# पावर प्लांट करणी कृपा के खिलाफ किसानों के धरने में पहुंचे किसान नेता तुसार

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



नेशलन हाईवे में स्थित गांव खैरझिटी, कौंवाझर, मालीडीह के कृषि भूमि, वन भूमि, गरीबों का काबिल कास्त भूमि, आदिवासी भूमि में गैर कानूनी ढंग से करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट लगाने के विरोध में विगत 25 फ रवरी 2022 से किसानों द्वारा छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अखण्ड धरना सत्याग्रह चल रहा है। आज सत्याग्रह के 91 वें दिन का नेतृत्व किसान नेता अशवन्त तुषार साहू पहुंचे। आज के सत्याग्रह में लगभग 85 किसान, जवान और महिलाओं ने भाग लिया। किसान नेता अशवन्त तुषार साहू ने संबोधित किया और कहा कि चाहे रामायण काल हो चाहे महाभारत काल हो हमेशा सत्य की जीत होती है। क्योंकि परमात्मा हमेशा सत्य के पक्षधर होते हैं। इसलिए धरती महतारी की रक्षा और आम जनता के हित के लिए किसान धरना सत्याग्रह में 91 दिन से संघर्षरत है, इसमें किसानों की ही जीत होगी। आगे कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट के प्रबंधकगण चारों ओर से कानूनी घेरे में फंस गये हैं। इसलिए बौखलाहट में अनर्गल बातें कर रहे हैं और शासन-प्रशासन के दरवाजों का चक्कर काट रहे हैं। हम प्रजातंत्रीय व्यवस्था के प्रथम नागरिक हैं। इसलिए हम हमेशा प्रजातंत्रीय ढंग से लड़ाई लड़ते हैं और जो लोग गैर कानूनी ढंग से उद्योग की स्थापना करने में जुटे हैं। हम उनके गलत इरादे को कभी पूरा नहीं होने देंगे। धरना स्थल पर तारेन यादव, मोहन यादव, उदय चंद्राकर, चैनुराम साहू, डेविड चंद्राकर् विश्वनाथ, डीगेशवरी चंद्राकर, होरीलाल पटेल, नंदलाल पटेल, नंदलाल सिन्हा, उदय चंद्राकर, रमेश विश्वकर्मा, बिसरू सिन्हा, रूपसिंग निषाद, दुर्गा राम पटेल, ओम प्रकाश साहू, मोहन लाल साहू, साधना ध्रुव, आनंद मानिकपुरी, जोगेश्वरी साहू, सुमन साहू, वेदराम यादव, लीलाधर पटेल, महेंद्र पटेल अत्यधिक संख्या में आसपास के ग्रामीणों व महिला शक्ति उपस्थित रहे।

# पुसौर नरवा उपचार भू-जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण और 8 गांवों के लोगों को मिल रही सिंचाई की सुविधा

ब्रशवुड चेक, लूस बोल्डर चेकडैम, गेबियन स्ट्रक्चर, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच जैसे संरचनाओं के निर्माण से सिंचित क्षेत्र बढ़कर हुआ 1084.20 हेक्टेयर क्षेत्र

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना के तहत नरवा उपचार से जिले में भूजल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं में विस्तार हुआ है। जो किसानों के लिए वरदान साबित हुए हैं। नरवा निर्माण के तहत जल आपूर्ति होने से जलविहीन क्षेत्रों में भी अन्नदाताओं के खेतों में अब फ सल लहलहाने लगी है। नरवा कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न नालों का जीर्णोद्धार कर नवीन रूप दिया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 में नरवा विकास कार्यों के 12 करोड़ 56 लाख की लागत से 9 हजार 688 कार्य पूर्ण किए गए हैं। योजना के क्रियान्वयन से किसानों को राहत मिलने के साथ मनरेगा मजदूरों को रोजगार भी मिल रहा है। पुसौर नरवा उपचार से सिंचित क्षेत्रफ ल 1022 हेक्टेयर था। जो अब बढ़कर 1084.20 हेक्टेयर हुआ है। योजना के तहत जिले के विकासखण्ड खड़गवां में पुसौर नरवा की लंबाई 15.12 किमी है जिसका कैचमेंट एरिया 3089 हेक्टेयर है। नरवा उपचार से इस क्षेत्र में 08 गांवों के लोगों को सिंचाई का फायदा मिला है। पुसौर नरवा उपचार से ग्राम पंचायत दुबछोला, भूकभुकी, बरमपुर, मझौली, सैन्दा, पीपरबहरा, शिवपुर तथा छोटेकलुवा में जलस्तर में वृद्धि हुई है जिससे आजीविका के लिए खेती-किसानी पर निर्भर रहने वाले किसानों को सिंचाई का अच्छा साधन मिल रहा है। नरवा कार्य योजना के तहत भू जल संरक्षण के लिए ब्रशवुड चेक, लूस बोल्डर चेकडैम, गेबियन स्ट्रक्चर, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच जैसे संरचनाओं का निर्माण किया गया है। इससे कृषि कार्य मे सुविधा के साथ ही साथ मृदा का भी संरक्षण सम्भव हुआ है।

# नेशनल जेजेएम टीम ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

नल-जल के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित करने के दिए निर्देशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ नेशनल जल जीवन मिशन की टीम ने विगत दिवस 24 एवं 25 मई को जशपुर विकासखंड के सांईटांगरटोली, सिटोंगा, ईचकेला, कुनकुरी विकासखंड के लोधमा, फ रसाबहार विकासखंड के जोरण्डाझरिया और दुलदुला विकासखंड के नल.जल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान नेशनल जेजेएम के उप सलाहकार,मुरलीधरन, टीम लीडर राणा रमेश सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता एचआर मर्शकोले, अधीक्षण अभियंता संजय सिंह एवं कार्यपालन अभियंता व्हीके उरमलिया उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान नल-जल योजना में उपयोग होने वाले पाइप, पानी टंकी, घरेलू कार्यरत टैप कनेक्शन इत्यादि की गुणवत्ता को देखा गया। साथ ही जिले में कार्य कर रहे आईएस, एवं टीपीआई की टीम के कार्य की भी जायजा लिया गया।

नेशनल जेजेएम के टीम कार्यों नल.जल के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित करने के निर्देशित दिए हैं। इस दौरान सहायक अभियंता कमल कवंर ने नेशनल टीम को जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत इचकेला के घोड़ाटोली सोलर आधारित नल-जल प्रदाय योजना के तकनीकी एवं डीपीआर संबंधी जानकारी दी। नेशनल टीम के द्वारा गांव में भ्रमण करके ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं जल निगरानी समिति के सदस्यों से मुलाकात की और उनके द्वारा किये जा रहे योजना का क्रियान्वयन एवं संचालन के बारे में जानकारी लिया गया।

# छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ ने ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

बस स्टैण्ड परिसर में छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एवं उपभोक्ता सेवा संघ ने सैकडो की रसंख्या मे धरना के रूप मे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा जिनकी प्रमुख मांग थी। यह किए सरकार विशेष कोष का गठन करे एवं निश्चित विद अवधि में निवेशकों चिटफंड कंपनी का पैसा वापसी करे।




निरंतर किए छग में कम्पनियों अचल सम्पत्ति कि नीलामी के समय निवेशकों व छग अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के पदाधिकारी उपस्थिति अनिवार्य किया जाए। चुकी प्रशासन द्वारा कम्पनियों की करोड़ों की अचल संपत्ति को लाखों में बेचा जा रहा है। जिससे निवेशकों को पूरा पैसा नहीं मिल रहे हैं। जमीन नीलामी हेतु किसी भी प्रकार के व्यापक प्रचार-प्रसार प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है और बंद कमरे में गिने चुने लोगों का रिंग बनाकर कम से कम रास्ते में बंदरबांट किया जाए जिस पर तत्काल रोक लगाई जाए। प्रशासन द्वारा प्राथमिकता के आधार पर जिन निवेशकों को पैसा वापसी किया जा रहा है उसका मापदंड क्या है। प्राथमिकता का आधार, मापदंड एवं जिन निवेशकों को पैसा वापसी दिया गया है या गया है उसकी सूची संघ को अति शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। नीलामी प्रक्रिया में कंपनी के अचल संपत्ति खरीदने वाले क्रेता का नाम गोपनीय रखा जा रहा है जिससे घोटाले होने की आशंका बढ़ गई है अत: क्रेताओं के नाम पता व क्रय की गई राशि का विवरण संघ को उपलब्ध कराया जाए। छत्तीसगढ़ शासन निवेशकों का पैसा वापसी को लेकर गंभीर है जिसमें आज की वर्तमान समय में जमीन कुर्क कर निवेशकों का पैसा वापस किया जा रहा है इसमें कई साल लग रहा है अत: इस विषय को राजीव गांधी नई योजना के तहत योजना में शामिल कर गरीब निवेशकों का पैसा वापस करें। जिला सुकमा में जनपद कार्यालय एवं कलेक्टर कार्यालय द्वारा निवेशकों का आवेदन आमंत्रित किया गया था जिसमें कुल निवेशक 6077 कुल राशि 10,31,39,313 जिसमे आज तक एक गरीब निवेशकों को पैसा वापस नहीं किया गया। जिस पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर गरीब निवेशकों का पैसा वापस किया जावे। जिसे उपस्थित थे गगन कुंभकार,नन्द कुमार निषाद,बेला तेलम,ईश्वर पटेल,वेट्टी देवाराम,राजेश मांझी, रामधर कश्यप अन्नु मण्डावी,ठड़गू राम यादव धनीराम यादव,उर्मिला मण्डावी,बालमती यादव।

# हाथी प्रभावित सिरपुर क्षेत्र के किसानों को लहंगर में किसान विश्राम भवन की सौगात

बीज निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने किया भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



### दर्जनभर से अधिक गांवों के किसान रहे मौजूद

ग्राम लहंगर में बनने जा रहे किसान विश्राम भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अग्नि चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। किसान विश्राम भवन के लिए बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा सीएसआर मद से 6.25 लाख की स्वीकृति दी गई है। समारोह की अध्यक्षता मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव ने की तथा विशेष अतिथि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिरपुर के उपाध्यक्ष थनवार यादव, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जिला पंचायत कृषि सभापति अमर अरुण चंद्राकर, जनपद सभापति रमाकांत धुव्र, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री राधेलाल सिन्हा सहित युवा नेता दिव्येश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता अरुण चंद्राकर, रवि साहू, पार्षद विजय बांदे, पूर्व पार्षद शिव यादव, गौतम ध्रुव, दयाराम ध्रुव, मोहन सिन्हा, मनराखन ठाकुर, रूपसिंह नेताम, मन्नूराम यादव, भागीराम ध्रुव, किशन कोसरिया, जयसिंह ध्रुव, गजाधर धीवर और सोनूराज मंचस्थ थे। समारोह को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष अग्नि चंद्राकर ने कहा कि भूपेश सरकार किसान हितैषी सरकार है और मेरा भी प्रयास है कि बीज निगम के माध्यम से किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करूं। यह हाथी प्रभावित क्षेत्र हैए धान बेचने के लिए आने वाले किसानों को किसान विश्राम भवन बनने से काफी सुविधा होगी। चंद्राकर ने किसानों को निगम की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अपने विधायकी कार्यकाल में जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करते हुए कराए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर हैं। चंद्राकर ने दसवीं बोर्ड के टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त करने पर ग्राम लहंगर के शुभम निषाद का सम्मान किया। समारोह में लहंगर सहित आसपास के 13 गांवों तथा बलौदाबाजार जिले से भी किसान पहुंचे थे। जिन्होंने चंद्राकर का बाजे-गाजे के साथ फ ूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुखजन बेदराम ध्रुव, सरपंच मीनाबाई देवदास एवं पंचगण, पोषण यादव, पंचराम ध्रुव, हेमकुमार निषाद, दौवाराम ध्रुव, मीनाबाई ध्रुव, हरि तालिका सिन्हा, रेवती बाई ध्रुव, प्रेमिन बाई ध्रुव सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मनरेगा पटरी पर आया पर मनरेगा कर्मियों के बिना फेल

## जिले में साढ़े तीन करोड़ का भुगतान अटका

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

केन्द्र और राज्य सरकार की रोजगार मूलक रोजगार गारन्टी योजना आज मनरेगा कर्मीयो के बिना फेल हो गयी है। मनरेगा कर्मीयो के हड़ताल को 50 दिन से अधिक हो गये और इस हड़ताल के अवधि में गांव के जाबकार्डधारियों को सरकार के इस योजना का लाभ नहीं के बराबर मिल रहा है।




राज्य शासन के निर्देश के बाद भले ही जिला प्रशासन ने सक्ती के साथ मनरेगा को पटरी पर तो ला दिया पर मनरेगा कर्मीयो के बिना सरकार की योजना पटरी से फिर उतरती नजर आ रही है। देवभोग में बीते माहभर में मनरेगा के काम अढाई कोश चले थे कि नये पदभार वालो के आपरेट जनरेट ना कर पाने से योजना धरा का धरा रह गया है। सचिव सरपंच मस्टररोल को लेकर जनपद पंचायत का चक्कर काट रहे है मस्टररोल जमा भी कर लिया जा रहा है पर कभी तकनिकी समस्या और जानकरी के अभाव में भुगतान प्रक्रिया लटक रहा है।गाँव के मजदूर काम करना चाहते है जैसे-तैसे ग्राम पंचायत के सचिव मनरेगा अतिरिक्त प्रभार को भी सम्हाल रहे है पर भुगतान का जनरेट ना हो पाने से अब रूचि भी घटती जा रही है।

### दो वर्ष में साढे तीन करोड़ का भुगतान शेष

जिला पंचायत की माने तो गरियाबंद जिला में चालू सत्र में 39 लाख 84 हजार रूपये मजदूरी का भुगतान नही हो सका है तो वही बीते 2021-22 के वित्तीय वर्ष का 3 करोड़ दो लाख का भुगतान अब तक धही हो सका है।



भले ही जिला प्रशासन ने हड़ताल अवधि में नये लोगों के जरिये लाख का भुगतान कराने में सफ्ल हो गया पर यह गांव के डेढ सौ दिन के मजदूरो के लिये ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर है। गांव के काम करने वाले लोगों का मानना है मनरेगा कर्मी काम पर थे तो मजदूरी भुगतान तो हो जाता था पर अब वो भुगतान को लेकर परेशान है।

### कब सुनेगी सरकार कब लौटेगें हड़ताली कर्मी

मनरेगा कर्मी को हड़ताल करते 52 दिन हो गये है हड़ताली कर्मचारी अपनी मांग मनवाने इन 52 दिनों में कई विरोध प्रदर्शन किये फिर भी सरकार पर उसका कोई असर नही हुआ। उधर मनरेगा कर्मचारी के नही होने से काम भी ठप्प पड़ गया है और जहां थोड़ा काम भी चल रहा है तो उसका भुगतान नहीं हो रहा है। पता नहीं सरकार मनरेगा कर्मी की कब सुनेगी और कब हड़ताली कर्मी काम पर वापस लौटेंगे जिससे की मनरेगा फिर से काम और भुगतान में तेजी आ सकेगा।

### जिला में तैतीस प्रतिशत मजदूर को ही काम मिल रहा

जिला रिपोर्ट कार्ड की माने तो गरियाबंद जिलेभर में अप्रैल, मई, जून माह में हर साल एक लाख मजदूरो को रोजगार मुहैया होता था पर हड़ताल के पखवाड़े भर तक काम पूर्ण बंद रहा जैसे तैसे पटरी पर लाया गया तो भी भुगतान में आई सुस्ती से जाबकार्ड धारियो में भी काम करने की रूचि घटती जा रही है। जिला में पिछले सत्र के एक लाख मजदूरों के बजाय इस वर्ष अबतक मात्र तैंतीस हजार मजदूर कार्य कर रहे है। इधर हड़ताल पर डटे कर्मचारी भी अपने मांग पर अड़े हैं पिछे हटने का नाम नहीं ले रहे है।

## एक नजर

### किशोरी के साथ दुष्कर्म एवं निर्मम हत्या के विरोध में सर्व धर्म के लोगों ने निकाली आक्रोश रैली

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।




सरगुजा जिले के मणिपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मैनपाट तराई क्षेत्र की नाबालिग किशोरी बेटी की बलात्कार के बाद सनसनीखेज हत्या का मामला इनदिनों तूल पकड़ते जा रहा है। वहीं मामलें में सरगुजा पुलिस ने शादीशुदा दंपत्ति यानी 2 आरोपी को गिरफ्तार कर उन्हे न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल अंबिकापुर भेज दिया है। वहीं इधर नाबालिग पीड़िता मृतिका के परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है और मामलें में पुलिस द्वारा लीपापोती कर खानापूर्ति की कार्रवाई करने की बात कर मामलें में दुबारा पोस्टमार्टम के साथ ही सीबीआई जांच की मांग कर रहें है, वहीं इसी कड़ी में आज सीतापुर और मैनपाट के सर्वधर्म के लोगों और संगठनों द्वारा सीतापुर के पेट्रोल टंकी से पुलिस थाना सीतापुर से लगें शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च और जनाक्रोश रैली निकाली गई और सभी धर्म के लोगों ने मिलकर पीड़िता के दिवगंत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है। वहीं विभिन्न सभी धर्म के विभिन्न समाज और संगठन के लोगों ने सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की है और मामलें में पुनः सीबीआई जांच और दुबारा पोस्टमार्टम की मांग करते हुए मामले में बड़ी बारीकी से सही जांच की मांग की है ताकि मृतका पीड़िता के साथ न्याय हो सकें।

### शिविर में शिकायत के बाद वनअधिकार पट्टा वितरण एवं शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने वाला पटवारी सन्तोष गुप्ता को किया निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।

जिले के अनुविभागीय मण्डल फरसाबहार में वनअधिकार पट्टा वितरण में देरी एवं शासकीय कामकाज में लापरवाही बरतने के आरोप में खुटगांव क्षेत्र के हल्का नम्बर 02 संतोष कुमार गुप्ता पटवारी को अनुविभागीय अधिकारी शबाब खान ने निलंबित किया है। एसडीएम खान के निर्देश पर पटवारी को निलंबित कर दिया गया। लिखित आदेश में कहा गया है कि सम्बन्धित पटवारी को 18 अगस्त 2021 को इस कार्यालय के प्रदाय दिनांक से आज पर्यंत तक विवरण नही किया जाना अनुशासन हिनता एवं कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता प्रतीत होता है। शासन के निर्देशों का पालन नही किये जाने अनुशासनहिनता अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण पटवारी हल्का नम्बर 02 सन्तोष कुमार गुप्ता तत्काल प्रभाव से निलंबन किया जाता है। सम्बंधित पटवारी को मुख्यालय तहसील कार्यालय निर्धारित किया जाता है। वही ग्राम खुटगांव का प्रभार सुधीर तिर्की को देते हुए कार्यालय को अवगत कराने आदेश जारी की गई है। निलंबन अवधि तक नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।



कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी(रा0), फरसाबहार,जिला-जशपुर,(छ.ग.)

//आदेश//

क्रमांक/ /वाचक/2022 फरसाबहार, दिनांक 19.05.2022

एतद द्वारा श्री संतोष कुमार गुप्ता, पटवारी हल्का नंबर 02 ग्राम खुटगांव को व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा हितग्राहियों को वितरण हेतु प्रदाय करने हेतु दिनांक 18.08.2021 को इस कार्यालय के माध्यम से प्रदाय किया गया था। जन चौपाल शिविर में शिकायत प्राप्त हुआ था कि, पात्र हितग्राहियों को अभी तक वन अधिकार पत्र नही मिला है। इस कार्यालय के प्रदाय दिनांक से आज पर्यंत तक वितरण नही किया जाना अनुशासन हिनता एवं कर्तव्य के प्रति घोर उदासीनता प्रतीत होता है। शासन के दिए गए निर्देशो का पालन नहीं किए जाने, अनुशासनहिनता, अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय फरसाबहार निर्धारित किया जाता है तथा उन्हे निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
फरसाबहार, जिला-जशपुर.(छ0ग0)

पृ0 क्रमांक/453-A/वाचक/2022 फरसाबहार, दिनांक 19.05.2022

प्रतिलिपि-

1. कलेक्टर, जिला जशपुर,छ.ग. की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
2. तहसीलदार फरसाबहार को सूचनार्थ। वे श्री संतोष कुमार गुप्ता, पटवारी हल्का नंबर 02 ग्राम खुटगांव का प्रभार श्री सुधीर तिर्की, पटवारी को तत्काल दिलाकर पालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय को अवगत करावें।
3. श्री संतोष कुमार गुप्ता, पटवारी हल्का नंबर 02 ग्राम खुटगांव को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
4. श्री सुधीर तिर्की पटवारी को सूचनार्थ एवं पालनार्थ अग्रेषित वे हल्का नंबर 02 का समस्त प्रभार तत्काल प्राप्त कर इस कार्यालय को अवगत करावें।

अनुविभागीय अधिकारी(रा0)
फरसाबहार, जिला-जशपुर.(छ0ग0)

### अभ्यास वर्ग में जैविक कृषि के प्रति किसानों को किया जागरूक

**कोरबा** । भारतीय किसान संघ जिला कोरबा का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग अटल समरसता भवन तिलकेजा में आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग, उद्यान एवं वन विभाग ने किसानों के लिए संचालित योजनाओं व जैविक कृषि को बढ़ावा, किट नियंत्रक कार्यशाला, जीवामृत एवं बीज उपचार के जैविक पद्धतियों की जानकारी दी।

अभ्यास वर्ग का उद्घाटन अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य विशाल चंद्राकर, संघ के जिला अध्यक्ष तारा सिंह कंवर व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिका प्रसाद जायसवाल ने भगवान बलराम और भारत माता के चित्र के समक्ष पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## ईंट भट्ठे में कार्यरत श्रमिकों के बच्चे विभिन्न गतिविधियों से सीख रहे पढ़ना लिखना

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिला शिक्षा अधिकारी, जिला बेमेतरा के निर्देशानुसार गुनरबोड़ ईंट भट्ठा पर कार्य करने वाले श्रमिकों के शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने व कोविड 19 महामारी के दौरान बच्चों को पढ़ने-लिखने संबंधी हुए नुकसान की भरपाई के उद्देश्य से गुनरबोड़ ग्राम बेमेतरा नगर स्थित ईंटभट्ठे श्रमिकों के 22-30 बच्चों को 29 अप्रैल 2022 से शासकीय प्राथमिक शाला, गुनरबोड़ एवं कोबिया के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा नियमित कक्षा संचालित की जा रही है। शासकीय प्राथमिक शाला, कोबिया की शिक्षिका कुमारी सीमा मिश्रा अपने शाला के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ वहां पूर्व से ही बच्चों के लिए कार्य कर रहे हैं। योजना अनुरूप कार्य करते हुए पहले दिन बच्चों से दो गतिविधि करवाई गई। एक बहुत ही आनंददायी गतिविधि करवाई गई जिसका उद्देश्य बच्चों को आनंदित करते हुए उनसे घुलना मिलना था। तत्पश्चात एक अन्य गतिविधि नंबर जंप करवाई गई। दोनों ही गतिविधि बच्चों के मौखिक भाषा विकास, संख्या नाम एवं उसके निर्धारित संकेत को समझने, गणित के एक अंक के जोड़ घटाव संक्रिया सीखने से संबंधित थे। अगले 7 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में इन बच्चों को ऐसे ही बस्ता मुक्त, खेल व रोचक गतिविधियों जैसे चित्र पठन, चित्रकला, कहानी लेखन, हाव भाव द्वारा कविता पठन, गणित के पहेलियां आदि के माध्यम से इन बच्चों में मौखिक भाषा विकास के साथ-साथ बुनियादी पढ़ने लिखने एवं गणितीय कौशल विकसित करने की योजना है।



नारी सम्मान, देश का सम्मान

## महिलाएं अपने परिवार के साथ-साथ देश की स्वर्णिम विकास के लिए अपनी अहम भूमिका निभा रही-डॉ.रश्मि चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




ग्राम जलकी सिरपुर में एसबीआई लाइफइंश्योरेंस परिवार महासमुंद के द्वारा नारी शक्ति के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर हुई शामिल। कार्यक्रम में तारा ध्रुव माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य, आदिवासी प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, रूप कुमारी ध्रुव, एसबीआई प्रमुख अभिषेक सिन्हा एवं झलप.पटेवा.सिरपुर की मितानिन बहनें की विशेष उपस्थिति रही। जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी सम्मान देश का सम्मान है जैसे एक महिला अपने परिवार को किसी भी मुसीबतों से बचाकर आगे बढ़ाती है वैसे ही आज नारी शक्ति देश के स्वर्णिम विकास के लिए अहम भूमिका निभा रही हैं। हमें यह भूलना नहीं चाहिए कि नारी शक्ति की सबसे बड़ी उदाहरण देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने एक महिला होते हुए भी देश की बागडोर संभाली थी। जिनके कार्यकाल में बड़े-बड़े निर्णय लिए गए। वह इंदिरा नारी ही थी जिन्होंने बैंकों की राष्ट्रीयकरण किया आज मुझे खुशी हो रही है कि नारी के सम्मान में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए जिससे महिला शक्ति को सम्मान मिलता है।

और महिलाओं का सम्मान 1 दिन नही बल्कि पूरे 365 दिन सम्मान होना चाहिए क्योंकि नारी बढ़ेगी तभी ने समाज नया इतिहास गढेगी। डॉ. रश्मि चंद्रकार द्वारा कार्यक्रम के आयोजकों को बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य कर रही मितानिन बहनों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में और भी प्रमुख वक्ताओं ने अपना उद्बोधन दिया। नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राधेश्याम ध्रुव, हेमलता सेन, हेमवती यादव, रूप कुमारी ध्रुव, श्रद्धा ध्रुव, रमेश कुमार चौधरी सरपंचद्ध ममता चंद्राकर, सुमन पटेल, ओम प्रकाश यादव, केशव चौधरी, देवकी साहू, रमेश कुमार चौधरी, टिकेश्वरी ध्रुव, जग सिंह ध्रुव, रीमन ध्रुव झलक पटेवा सिरपुर की मितानिन बहने तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस परिवार के सभी सदस्य और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आरसेटी ने 19 सदस्यों का दस दिवसीय पापड़, आचार, मसाला पावडर मेंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला पंचायत बैकुण्ठपुर एवं जिला अग्रणी प्रबंधक की अनुमति से सेन्ट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 17 मई से 26 मई 2022 तक दस दिवसीय पापड़, आचार एवं मसाला पावडर मेंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें कुल 19 महिलाओं ने सफ लतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में गरिमा गुप्ता द्वारा थ्योरी एवं प्रायोगिक कक्षा,रानी गुप्ता द्वारा ईडीपी प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण समाप्ति के दिन नेहा सर्वकार एवं निलान्द्री विशाल के द्वारा असेसमेंट लिया गया। इस दौरान महिलाओं को स्वावलम्बन एवं आत्मनिर्भरता हेतु भी प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण समापन में नाबार्ड के डीडीएम संजीब प्रधान तथा अग्रणी जिला प्रबंधक एवं आरसेटी निदेशक विकास कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। प्रधान के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना, फर्जी चिट फण्ड कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही व्यक्तित्व विकास, मनोबल बढ़ाने तथा नैतिक उत्थान हेतु भी निदेशक द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

## तेरह वर्षीय नाबालिग स्कूली छात्र ने लगाई फांसी

बिन मां बाप का नाबालिग आत्महत्या पर कारण जुटाने में लगी देवभोग पुलिस

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

देवभोग के नदी पार आत्महत्या का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमे एक तेरह वर्षीय स्कुली छात्र ने फांसी लगा ली। इतनी कम उम्र में आत्महत्या का क्षेत्र में ये पहला मामला है खवासपारा से आधा किलोमीटर दूरी पर तालाब के किनारे सरगीबहली का नाबालिग के आत्महत्या को लेकर कई संशय बनी हुयी है। नाबालिग गांव के उच्च प्राथमिक शाला में पांचवीं कक्षा का विद्यार्थी था। वो जबसे मां का निधन हुआ उसके बड़े पापा बड़ी मम्मी पाल पोष रहे थे। सालभर पहले पढ़ाई छोड़ चुका था नाबालिग के आत्महत्या को लेकर जहां गांव में सनसनी फैल गया है वही परिजनो में मातम की स्थिति छायी हुयी है।

### देवभोग पुलिस मामले पर छानबीन में जुटी

कोटवार के माध्यम से देवभोग पुलिस को सूचना के बाद देवभोग पुलिस की टीम खवासपारा पहुंचकर पेड़ से नाबालिग के पार्थिक शरीर को उतारा लाश के पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिये देवभोग चीरघर भेजा वहीं मामले पर देवभोग पुलिस पुछताछ कर छानबीन में जुट गयी है। देवभोग टीआई चंदन मरकाम ने बताया पोस्टमार्टम के बाद आत्महत्या का कारण स्पष्ट हो पायेगा।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में मास्टर आफ डेंटिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट डेंटल मेडिकल ऑफिसर के जरिए दांतों से संबंधित बीमारियों का इलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सरगुजा जिले के सीतापुर इलाकें में मुंह के कैंसर और दांतों से संबंधित बीमारियों से जूझ रहें मरीजों को अब प्राइवेट क्लीनिकों में जाने की मजबूरी और अपने जेब ढीली करने की जरूरत नहीं होगी।



क्योंकि अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर में मास्टर ऑफ डेंटिस्ट ओएम और रेडियोलॉजिस्ट डेंटल मेडिकल ऑफि सर की नियुक्ति अब सीतापुर के शासकीय अस्पताल सीएचसी सीतापुर में हो चुकी है जहां मुंह के कैंसर की जांच और दांतों से संबंधित बीमारियों का ईलाज हो सकेगा। आपको बता दे कि मुंह के कैंसर की जांच और दांतों से संबंधित बीमारियों का ईलाज अब सीएचसी सीतापुर में मास्टर ऑफ डेंटिस्ट डॉक्टर पूर्वी यादव के द्वारा किया जा रहा है। आपको बता दे कि मीडिया से खास बातचीत में मास्टर ऑफ डेंटिस्ट व्ड और रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर पूर्वी यादव ने बताया कि सीएचसी सीतापुर में उनकी नियुक्ति होने के बाद उन्होंने लगातार 5 गांव में कैंप लगाया है और ग्रामीण इलाकों में जाकर मुंह के कैंसर की जांच की है और ग्रामीणों के दांत से संबंधित बीमारियों का ईलाज भी कैंप लगाकर किया है और अब वे सीएचसी सीतापुर में मुंह के कैंसर के मरीजों की जांच और दांतों से संबंधित बीमारियों का ईलाज कर रही हैएवहीं उन्होंने मीडिया के माध्यम से सीतापुर क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें मुंह के कैंसर और दांतों से संबंधित कोई भी समस्या है तो वे सीएचसी सीतापुर पहुंचकर अपना ईलाज करा सकते है क्योंकि शासकीय अस्पताल में अब बिना किसी फीस के वे अपना ईलाज अच्छे से करा सकते है क्योंकि प्राइवेट क्लीनिकों में जाकर उन्हें मोटी रकम खर्च कर अपना जेब ढीला करना पड़ता है अब उनका ईलाज सीएचसी सीतापुर में अच्छे से हो सकेगा।



## परिणीति चोपड़ा ने माइनस 12 डिग्री में किया शूट, हुआ बुरा हाल



हिंदी सिनेमा जगत की खुबसूरत अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर एक क्लिप साझा की है जिसमें वह शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस में शूटिंग करती नजर आ रही हैं। परिणीति इस समय गायक हार्डी संधू के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। इस शेयर की हुई वीडियो में परिणीति बताती हैं कि, कैसे निर्देशक की दाढ़ी, कैमरा और पीने के पानी सब कुछ जम गया। वीडियो में परिणीति बुर्के में, गर्म जैकेट के साथ खुद को गर्म रखने के लिए, हार्डी के साथ खड़ी हैं, जो एक मोटी जैकेट में है। वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए परिणीति ने लिखा, माइनस 12 डिग्री। मेरा अब तक का सबसे ठंडा शूट। सबसे अच्छी बात यह थी कि मेरे हीरो को भी पतली पोशाक पहननी पड़ी और उन्हें भी मेरे साथ ठंड महसूस हुई। खैर इस फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

## नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी आलिया के प्रोडक्शन की पहली फिल्म डार्लिंग्स

अभिनेत्री आलिया भट्ट ने पिछले साल ही अपने प्रोडक्शन हाउस एटर्नल सनशाइन का ऐलान किया था। वह शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के सहयोग से फिल्म डार्लिंग्स को प्रोड्यूस कर रही हैं। यह उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म है। खास बात यह है कि आलिया इसमें अभिनय करती हुई भी नजर आएंगी। अब यह फिल्म बहुत जल्द स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। आलिया ने इस संबंध में सोशल मीडिया पर जानकारी शेयर की है। आलिया ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर करते हुए डार्लिंग्स की रिलीज डेट से पर्दा उठाया है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हाय, डार्लिंग्स। आपसे जल्द ही मिलते हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि आलिया समेत बाकी कलाकारों ने कितने मजेदार अंदाज में दर्शकों को सरप्राइज दिया।

## गायत्री भारद्वाज बनेगी ऋतिक रोशन की दूसरी पत्नी ?



बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन आज किसी पहचान के मोहताज नहीं रह गए है वह अपने एक्टिंग के अलावा अपने हेंडसम लुक के लिए फेमस है ऐसा कहा जाता है की बॉलीबुड में अभिनेता ऋतिक रोशन से ज्यादा हेंडसम कोई नहीं। इसके कारन दुनिया की खूबसूरत अभिनेत्रिया भी उनकी दीवानी रहती है आपको बता दे की ऋतिक रोशन सोशल मिडिया पर काफी एक्टिव रहते है इनकी फैंस फॉलोइंग काफी अच्छी है

आपको बता दे की ऋतिक रोशन की पर्सनल जिंदगी उतनी सफल नहीं रही जितनी उनका फ़िल्मी करियर रहा है। लेकिन ऋतिक रोशन अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते है। ऐसे में एक बार फिर एक लड़की के बयान को लेकर सुर्खियों में बने हुए है। खबरों के अनुसार एक खूबसूरत अभिनेत्री ऋतिक रोशन की दूसरी पत्नी बनना चाहती है और उससे शादी कर एक अच्छी लाइफ जीना चाहती है। आपको बात दे की ऋतिक रोशन ने सुजैन जहा से शादी की थी लेकिन 2014 में इनका तलाक हो गया

खबरों के अनुसार ऋतिक रोशन अभी एकाकी जीवन जी रहे है लेकिन एक खूबसूरत एक्ट्रेस ने ऋतिक रोशन से शादी करना चाहती है और दूसरी शादी करने वाली ऐक्ट्रेस का नाम गायत्री भारद्वाज है ये मिस वर्ल्ड 2018 भी रह चुकी है और ये अक्सर अपनी खूबसूरती के लिए सुर्खियों में बनी रहती है।


## शहनाज गिल ने शॉर्ट लेदर आउटफिट में फ्लॉन्ट किया बोल्ड लूक



बिग बॉस 13 की कंटेस्टेंट शहनाज गिल अपनी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीरों की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। शहनाज सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। अब शहनाज गिल ने अपने नए फोटोशूट की झलक फैंस के साथ शेयर की है। एक्ट्रेस अपने ग्लैमरस अवतार में लाखों दिल जीत रही हैं। उनकी तस्वीरों को खूब पसंद किया जा रहा है। शहनाज गिल के लेटेस्ट फोटोशूट की खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनके ग्लैमरस अंदाज पर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। शहनाज गिल ने हाल ही में फेमस सेलिब्रिटी फोटोग्राफर डब्बू रतनानी से सिजलिंग फोटोशूट कराया। फोटोशूट की ड्रीमी फोटोज एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं और इन तस्वीरों में शहनाज को जिसने भी देखा वो उनकी खूबसूरती पर फिदा हो गया। नए फोटोशूट की तस्वीरों में शहनाज गिल ब्लैक लेदर की शॉर्ट ड्रेस में अपने ग्लैमरस अंदाज से जलवे बिखेर रही हैं। ब्लैक ड्रेस संग शहनाज ने ब्लैक आईशैडो की मदद से स्मोकी आई लुक क्रिएट किया है। रेड लिपस्टिक, ब्लशर और हाईलाइटर लगाकर एक्ट्रेस ने अपने मेकअप को खास बनाया। शहनाज गिल ने कैमरे के सामने कभी खड़े होकर पोज दिया है तो कभी बैठकर। फोटोशूट के दौरान शहनाज ने अपना स्वैग दिखाया है और साथ ही ग्लैमरस का तड़का भी लगाया है। इन तस्वीरों से फैंस अपनी नजरे नहीं हटा पा रहे हैं। कमेंट सेक्शन में फैंस उनकी तारीफ करते थक नहीं रहे हैं।

## घर पर आसानी से बनाया जा सकता है डियोड्रेंट, जानिए तरीके

गर्मियों में पसीने की बदबू और चिपचिपाहट से बचाने में डियोड्रेंट काफी मदद कर सकता है, लेकिन मार्केट की बजाय घर पर ही इसे बनाकर इस्तेमाल करें। दरअसल, मार्केट में मौजूद अधिकतर डियोड्रेंट केमिकल्स से युक्त होते हैं, जिनके इस्तेमाल से त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। आइए आज हम आपको पांच तरह के डियोड्रेंट बनाने के तरीके बताते हैं, जिनका इस्तेमाल न सिर्फ काफी असरदार है बल्कि त्वचा के लिए सुरक्षित भी है। बेकिंग सोडा और कॉर्नस्टार्च से बना डियोड्रेंट पसीने को जल्दी सोखने और गंध पैदा करने वाले कीटाणुओं को खत्म करने में सहायक है। सबसे अच्छी बात यह है कि ये दोनों सामग्रियां किसी भी किराने की दुकान से आसानी से मिल सकती है। डियोड्रेंट बनाने के लिए एक कंटेनर में छह चम्मच कॉर्नस्टार्च और एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। ध्यान रखें कि इस मिश्रण में पानी नहीं मिलाना है।



इसके बाद इस मिश्रण का इस्तेमाल अपनी कांख पर करें। नारियल के तेल और क्लारी सेज एसेंशियल ऑयल से बना डियोड्रेंट संवेदनशील त्वचा के लिए सुरक्षित है और इसका इस्तेमाल आपको तरोताजा महसूस कराने में मदद करेगा।

## आलू से बनाएं ये लजीज व्यंजन, आसान है रेसिपी

अगर आपको आलू से बने व्यंजनों का सेवन करना पसंद है तो यकीनन आप इससे तरह-तरह की रेसिपी को ट्राई करना भी काफी पसंद करेंगे। आइए आज हम आपको आलू से बनाए जाने वाले कुछ व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें आप सिर्फ 30 से 45 मिनट में इन्हें तैयार कर सकते हैं। वहीं, इन्हें आप अपने मेहमानों के लिए चाय-कॉफी या फिर सॉफ्ट ड्रिंक के साथ परोस सकते हैं।

स्पाइरल आलू

सबसे पहले आलू को एक बड़ी तीली में डालें, फिर आली को गोल-गोल करके स्पाइरल के आकार में पतला काटें। इसी तरह तीन से चार आलू को तैयार कर लें। इसके बाद सभी स्पाइरल आलू को कढ़ाई में गोल्डन ब्राउन होने तक तल लें। इसके बाद एक कटोरी में लाल मिर्च का पाउडर, थोड़ा सा औरिगैनो और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इस मसाले को स्पाइरल आलुओं के ऊपर छिड़ककर उनका स्वाद लें।

ट्वाइस बेक्ड पोटैटो कैसरोल

घर पर ट्वाइस बेक्ड पोटैटो कैसरोल



बनाने के लिए सबसे पहले आवश्यकतानुसार आलू लें, फिर उन्हें साफ पानी में अच्छे से धो लें। अब सभी आलुओं को एक मिनट के लिए माइक्रोवेव में गर्म कर लें ताकि आलू थोड़े नरम हो जाएंगे, फिर आलुओं को माइक्रोवेव से निकालकर छीलें। इसके बाद एक कटोरे में आलू को मैश करके डालें, फिर इसमें मक्खन, चीज, दूध, हरी प्याज और सॉर क्रीम मिलाकर इस मिश्रण को बेक करें, फिर इसका सेवन करें।

फ्राइड मैश पोटैटो बॉल्स

फ्राइड मैश्ड पोटैटो बॉल्स बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में उबले हुए आलू को मैश करके डालें, फिर इसमें पका हुआ बेकन और चेडर चिव्स मिलाएं। इसके बाद कटोरे में थोड़ा गार्लिक पाउडर, स्वादानुसार नमक और एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण की छोटी-छोटी बॉल्स बनाकर उन्हें कढ़ाई में गोल्डन ब्राउन करने तक तल लें, फिर तैयार फ्राइड मैश पोटैटो बॉल्स को हरी चटनी के साथ खाएं।

**इंस्टेंट पॉट पोटैटो सूप**- घर पर इंस्टेंट पॉट पोटैटो सूप बनाना काफी आसान है। इसके लिए पहले एक इंस्टेंट पॉट में मक्खन डालें, फिर इसमें बारीक प्याज, लहसुन और कुछ करी पत्ते डालें। इसके बाद इंस्टेंट पॉट में थोड़े उबले आलू और चिकन शोरबा डालकर इसे 8-10 मिनट के लिए पकाएं। अब दूध, मलाई और कॉर्नस्टार्च का घोल बनाएं, फिर इसे इंस्टेंट पॉट में डालकर पांच मिनट पकाएं, फिर सूप में स्वादानुसार नमक और एक चुटकी काली मिर्च का पाउडर मिलाकर इसका सेवन करें।

# खेल

IPL में इंदौर का रजत चमका

## रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर जुड़कर बेंगलुरु को एलिमिनेटर में बड़ी जीत दिलाई, 112 रन जड़े

**कोलकाता।** IPL 2022 के पहले एलिमिनेटर में इंदौर के रहने वाले रजत पाटीदार ने लखनऊ के दिग्गज गेंदबाजों के खिलाफ आतिशी बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 54 गेंद पर नाबाद 112 रन बनाए। लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच IPL 2022 के पहले एलिमिनेटर में सिक्का लखनऊ के पक्ष में गिरा। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। फाफ डु प्लेसिस और विराट कोहली जैसे बल्लेबाज फ्लॉप हो गए। ऐसे में रजत ने पूरी पारी का जिम्मा संभाल लिया। नाजुक मौके पर मैदान में उतरे पाटीदार और बेंगलुरु को 200 का आंकड़ा पार करा दिया कप्तान फाफ का विकेट




जल्दी गिरने के बाद मैदान पर फर्स्ट डाउन बैटर के तौर पर रजत ने कदम रखा था। पहले उन्होंने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और फिर खुलकर शॉट लगाते हुए 28 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के की मदद से फिफ्टी पूरी की। इस दौरान दोनों ने स्कोर को 70 रन तक पहुंचाया, लेकिन तभी विराट रन गति तेज करने की फिराक में आउट हो गए।

फैंस को लगा कि यहां से टीम की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ऐसे में रजत पाटीदार ने धमाकेदार बल्लेबाजी से बेंगलुरु के खेमे में जश्न का माहौल बना दिया।

प्लेआफ में टीम के लिए रजत ने एक ऐसी यादगार पारी खेली, जिसको हमेशा याद रखा जाएगा। मुश्किल वक्त में आकर टीम को संभाला और धमाकेदार शतक जमाया। 49 गेंद पर 11 चौके और 6 छक्के की मदद से इस बल्लेबाज ने सेंचुरी पूरी की। अंत तक नाबाद रहते हुए रजत ने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया।

### कुणाल पंड्या के खिलाफ टूट पड़े पाटीदार

पावर प्ले के अपने पहले ओवर में क्रुणाल ने किफायती गेंदबाजी की। परिणाम स्वरूप कप्तान केएल राहुल ने उनको पावर प्ले के आखिरी ओवर में भी याद कर लिया। पावर प्ले के लास्ट ओवर में क्रुणाल ने 20 रन लुटा दिए। ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने सिंगल लेकर पाटीदार को स्ट्राइक क्या दी, पंड्या के लिए ये ओवर बुरा सपना बन गया।

## राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराकर गुजरात टाइटंस फाइनल में पहुंची, डेविड मिलर फिर बने किलर मिलर

कोलकाता ।आईपीएल 2022 का पहला चालीफायर कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया।

गुजरात ने इस मुकाबले में राजस्थान को 7 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि हारने के बाद राजस्थान के पास अभी फाइनल में पहुंचने का एक और मौका है। राजस्थान को अब फाइनल में पहुंचने के लिए बुधवार को लखनऊ सुपर जायंटस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से चालीफायर 2 में भिड़ना होगा। लखनऊ सुपर जायंटस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। चालीफायर 2 अब अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 27 मई को खेला जाएगा और इस मुकाबले के विजेता का सामना 29 मई को फाइनल में गुजरात टाइटंस से होगा।

गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉस बटलर के 89 रनों की मदद से 6 विकेट पर 188 रन का स्कोर बनाया। गुजरात ने इस लक्ष्य को 3 विकेट खोकर तीन गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। गुजरात के लिए कप्तान हार्दिक पांडया ने नाबाद 40 रन और किलर मिलर डेविड मिलर ने नाबाद 68 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 61 गेंदों पर 106 रनों की अविजित साझेदारी की।

## किलर मिलर' ने गुजरात को फ़ाइनल में पहुंचाया

**कोलकाता ।** 'किलर मिलर' के नाम से मशहूर डेविड मिलर (नाबाद 68)ने आखिरी ओवर की पहली तीन गेंदों पर तीन जबरदस्त छक्के लगाते हुए गुजरात टाइटंस को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दिलाते हुए अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल के फ़ाइनल में पहुंचा दिया। राजस्थान ने फॉर्म में चल रहे जोस बटलर की 89 रन की जबरदस्त पारी से पहले चालीफायर में छह विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन गुजरात ने 19.3 ओवर में तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत अपने नाम की और फ़ाइनल का टिकट कटा लिया। मिलर ने 38 गेंदों पर नाबाद 68 रन की पारी में तीन चौके और पांच छक्के लगाए।

## फाइनल के टिकट के लिए भिड़ेंगे लखनऊ और बैंगलोर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल 2022 से एक टीम टूर्नामेंट से एलिमिनेट हो जाएगी, क्योंकि आज एलिमिनेटर मैच लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमों के लिए ये मैच करो या मरो का है, जो टीम जीतेगी वो चालीफायर 2 में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी, जबकि हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। ऐसे में ये मैच बड़ा और कड़ा होगा। अगर आप भी आईपीएल के एलिमिनेटर मैच को लाइव देखना चाहते हैं तो ये तरीका अपना सकते हैं। लखनऊ सुपर जाएंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मैच का लाइव टेलिकास्ट आप स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख पाएंगे, जहां हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तमिल, तेलुगू, मलयालम, मराठी और गुजराती भाषा में आपको कमेंट्री सुनने को मिलेगी। आईपीएल के इस एलिमिनेटर मैच को आप स्टार गोल्ड पर भी लाइव देख सकते हैं।

## जोस बटलर का कैच लेने से पहले फिसले हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 का पहला चॉलिफायर मैच गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। गुजरात टाइटन्स ने सात विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल का टिकट कटाया, जबकि राजस्थान रॉयल्स को अब दूसरा चॉलिफायर मैच खेलना होगा। गुजरात टाइटन्स के कप्तान दुनिया के बेस्ट फील्डरों में शुमार किए जाते हैं, लेकिन इस मैच के दौरान वह एक आसान सा कैच लेने से पहले फिसल गए और बटलर जिस गेंद पर आउट होने वाले थे, उस पर उन्हें बाउंड्री मिल गई। हार्दिक भी समझ नहीं पाए कि अचानक हुआ क्या और ग्राउंड पर बैठकर मुस्कुराने लगे। इसको लेकर सोशल मीडिया पर काफी मीम्स शेयर किए जा रहे हैं। दरअसल यह घटना राजस्थान रॉयल्स की पारी के 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर घटी। यश दयाल की गेंद पर बटलर ने बाउंड्री लाइन की तरफ शॉट मारा, हार्दिक दौड़कर गेंद तक पहुंच भी गए, लेकिन अचानक की फिसल गए। इस तरह से गेंद चौके के लिए बाउंड्री के पार चली गई। उस समय बटलर 43 रन बनाकर खेल रहे थे। बटलर ने 56 गेंद पर 89 रनों की शानदार पारी खेली थी। दरअसल पहला चॉलिफायर मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर खेला गया। कोलकाता में दिन में बारिश हुई थी, जिसके चलते लगता है आउटफील्ड हल्की सी गीली थी। हार्दिक दौड़कर गेंद तक तो पहुंचे, लेकिन कैच पकड़ने से ठीक पहले फिसल कर गिर गए।

अनोखे एक्शन पर दुनिया हैरान

## माया सोनावणे ने 2 दशक पुराने गेंदबाज पॉल एडम्स की याद दिलाई, वीमेंस टी-20 चैलेंज में किया कारनामा

**कोलकाता।** आपने क्रिकेट फील्ड में बुमराह और मलिंगा की तरह अलग गेंदबाजी एक्शन वाले कई बॉलर देखे होंगे, लेकिन विमेंस क्रिकेट में ऐसा नजारा कम ही सामने आया है। हालांकि अब यह कमी भी पूरी होती दिखाई पड़ रही है। IPL 2022 के बीच महिला टी-20 चैलेंज के मुकाबले भी शुरू हो गए हैं। सुपरनोवास, ट्रेलब्लेजर्स और वेलोसिटी के बीच 4 मैचों की यह लीग खेली जा रही है।

सुपरनोवास ने पहले मुकाबले में ट्रेलब्लेजर्स को 49 रनों से हराया, लेकिन दूसरे मैच में उसे वेलोसिटी के खिलाफ 7 विकेट की करारी हार मिली। सुपरनोवास और वेलोसिटी के बीच दूसरे मुकाबले में माया



सोनावणे को खेलने का मौका मिला और उनका गेंदबाजी एक्शन चर्चा में आ गया है। माया दाएं हाथ की गेंदबाज हैं। वह अपने शरीर को तोड़-मरोड़ कर स्पिन डालती हैं। उनके बॉलिंग एक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस देखकर हैरान हैं और अलग-अलग तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। आगे बढ़ने से पहले इस पोल में जरूर हिस्सा लें।


पेरिस ओलिंपिक की तैयारी में जुटे नीरज चोपड़ा

## फिनलैंड में बेस बनाकर करेंगे ट्रेनिंग, वहां 14 जून को होगी सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी जोनाथन वेटर से भिड़ंत

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा पेरिस ओलिंपिक की तैयारी फिनलैंड में बेस बनाकर करेंगे। चोपड़ा फिलहाल तुर्की में अभ्यास कर रहे थे। अब गुरुवार को वहां से सीधे फिनलैंड जाएंगे। वहां के कुओरताने ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर में 22 जून तक ट्रेनिंग करेंगे।

वहीं इस बीच 14 जून को पावो नुर्मी खेलों में भाग लेंगे। उसके बाद वह स्टॉकहोम में कुओर्टेन गेम्स और फिर डायमंड लीग में भाग लेंगे। उसके बाद अमेरिकर में 15 से 24 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

फिनलैंड में होने वाली पावा नुर्मी गेम्स में 2017 वर्ल्ड




एथलेटिक्स चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट जोनाथन वेटर भी भाग लेंगे। वेटर 2019 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं। जर्मनी के इस थ्रोअर का पर्सनल बेस्ट 97.96 मीटर है। नीरज चोपड़ा का पर्सनल बेस्ट 88.07 मीटर है। वह टोक्यो ओलिंपिक में 87.50 मीटर के साथ गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। नीरज 10 महीने के बाद पावा नुर्मी गेम्स में मैदान पर उतरेंगे।

ओलिंपिक पोडियम योजना के तहत 9.8 रुपये की मिली है मंजूरी

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) की ओर से जारी बयान में कहा कि चार हफ्ते के ट्रेनिंग सत्र को सरकार की टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) द्वारा मंजूरी दी गई है और इससे खेल मंत्रालय का करीब 9.8 लाख रुपये का खर्चा होगा।

# मानकों के अनुरूप हो स्कूलों में प्रयोग शाला-कलेक्टर

## कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल पुसौर का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

स्कूलों में फिजिक्स, केमेस्ट्री एवं बॉयो के प्रयोग शालाएं मानकों के अनुरूप बनी होनी चाहिए, इसमें छात्रों के प्रेक्टिकल के लिए उपकरणों के साथ आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। लैब में वॉटर सप्लाई तक सिंक भी लगा होना चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पुसौर के नवनिर्मित भवन के निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने स्कूल में सबसे पहले लेबोट्री के निर्माण कार्य को देखा। यहां उन्होंने वॉटर सप्लाई की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जतायी तथा तत्काल लैब में नल व सिंक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्रों को सुव्यवस्थित प्रयोग शाला मिलनी चाहिए। जिससे वे अपने इन विषयों से जुड़े प्रेक्टिकल अच्छे से कर सके। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने लाईब्रेरी का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लाईटिंग व बैठक व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए तथा यहां बच्चों के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र व एजुकेशनल व करेंट अफेयर मैग्जीन भी उपलब्ध कराने को कहा। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान क्लास रूम का निरीक्षण कर वहां बच्चों के बैठक व्यवस्था के लिए लगाए गए फर्नीचर्स का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि यह बच्चों के लिए आरामदायक हो। उन्होंने कहा कि क्लास रूम में लाईट व पंखों की पर्याप्त व्यवस्था रहनी चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल में तैयार किए गए शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था का भी मुआयना किया। उन्होंने शौचालयों में व्यवस्थित वॉटर सप्लाई के साथ दरवाजों को व्यवस्थित रूप से लगवाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ श्री युगल किशोर उर्वशा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.पी.आदित्य, डीएमसी श्री आर.के.देवांगन, ईई पीडब्लूडी आर.के.खाम्बरा सहित शिक्षा विभाग तथा पीडब्लूडी के अधिकारी उपस्थित थे।






### पीएचसी में बढ़ाये डिलीवरी की संख्या

कलेक्टर सिंह ने निरीक्षण के दौरान कोड़ातराई व डूमरपाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर सिंह ने कोड़ातराई स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में वहां पदस्थ मेडिकल स्टॉफ से जानकारी ली। उन्होंने वहां के मेल व फिमेल वार्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां उपचाररत महिलाओं से स्वास्थ्य सुविधाओं तथा खानपान के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने अस्पतालों में शासन द्वारा निर्धारित राशि के अनुसार डाईट मरीजों को देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वहां अनिवार्य रूप से डाईट चार्ट लगाने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में होने वाले प्रसव के बारे में वहां पदस्थ एएनएम तथा स्टॉफ नर्स से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में प्रसव की संख्या बढ़ायी जाए। उन्होंने वहां तैनात मेडिकल स्टॉफ को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में निवास करने के लिए कहा जिससे रात में भी आने वाली प्रसुताओं की डिलीवरी करवायी जा सके। कलेक्टर श्री सिंह ने डूमरपाली वेलनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां ओपीडी कक्ष, दवा के स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से स्टोर में दवाओं की जांच कर एक्सपायर होने से पूर्व उसका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अस्पताल में शौचालय की नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरओ तथा वॉटर कूलर खराब पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जतायी तथा तत्काल इसे सुधरवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुसौर के धन्वंतरि मेडिकल स्टोर्स का भी निरीक्षण किया। इस मेडिकल स्टोर के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश उन्होंने बीएमओ को दिए। जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी हो और वे सस्ती दरों पर दवाई खरीद सकें। उन्होंने सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर्स को अनिवार्य रूप से जेनेरिक मेडिसिन लिखने के निर्देश दिए।



## एक नजर

### शहीद स्व. नंदकुमार पटेल की प्रतिमा का उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने किया अनावरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



शहीद स्व. नंदकुमार पटेल की नौवीं पुण्यतिथि पर आज किरोड़ीमल नगर पंचायत में उनकी प्रतिमा स्थापित की गयी। प्रतिमा का अनावरण उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने किया। इस अवसर पर विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, एसडीएम रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा, अनिल शुक्ला, अरुण मालाकार, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### हत्या का प्रयास करने वाला मुख्य आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

**गरियाबंद** । सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र के नगर गरियाबंद का है जहां के प्रार्थी राकेश देवांगन पिता देवनारायण देवांगन उम्र 23 साल निवासी शिक्षक नगर आमदी गरियाबंद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी नीरज सोमकुंवर द्वारा मामूली विवाद को लेकर घर घुसकर अश्लील गाली गलौज करते हुए जबरदस्ती इसे तथा इसके भाई कपिल देवांगन को खींचते हुये बालक हाई स्कूल मैदान में ले जाकर पुनः गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर धारदार चाकू से हत्या की नियत से प्राणघातक हमला करने से कपिल को गंभीर चोट लगने तथा प्रार्थी को भी चोंट आया की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली गरियाबंद में अपराध क्रमांक 262/2021 धारा 307, 457, 294, 506, 323, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। घटना के बाद से आरोपी जगह बदल बदल कर छुप रहा था जिसके गिरफ्तारी हेतु गरियाबंद पुलिस लगातार प्रयास कर रहे थे।

जिला गरियाबंद के पुलिस कप्तान जे0आर0 ठाकुर के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार दबिश देकर पता तलाश किया जा रहा था इसी दौरान पुलिस की संयुक्त टीम को सघन पता तलाश दौरान मुखबिर सूचना मिलने पर 26 मई घेराबंदी कर आरोपी नीरज सोमकुंवर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिनके द्वारा अपना जुर्म कबूल कर घटना में प्रयुक्त एक नग धारदार चाकू को बरामद किया गया जिसके बाद मामले में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ी गयी तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यायालय पेश किया गया। पिछले 9 माह से फरार हत्या के प्रयास के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सिटी कोतवाली से विवेचना अधिकारी सउनि राजेशचंद मिश्रा प्रआर0डिगेश्वर साहू, प्रहलाद थानापति,आर सतीश साहू,रवि सोनवानी,लोकपाल दीवान के साथ ही स्पेशल टीम प्रभारी प्रआर0अंगद राव वाघ,चूड़ामणि देवता,जयप्रकाश मिश्रा,आर0सुशील पाठक, यादराम ध्रुव,हरीश साहू,रवि सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही ।

### संभागायुक्त ने पोषण पुनर्वास केन्द्र एवं सी-मार्ट का किया अवलोकन

**बेमेतरा** । संभागायुक्त दुर्ग महादेव कावरे ने आज जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्थापित एन.आर.सी. का अवलोकन किया। उन्होने ग्राम कन्हेरा की श्रीमती गणेसिया बाई एवं निर्मला बाई के बच्चे का स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। इसके अलावा उन्होने ग्राम बोहारडीह के हीराधर वर्मा जिन्होने मोतिया बिंद का ऑपरेशन करवाया है के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसमें आवास, भोजन एवं उपचार की निःशुल्क सेवा शामिल है। इसके अलावा संभागायुक्त ने धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर का भी मुआयना किया। इस दौरान उन्होने दवाईयों के अवसान तिथि व उचित मूल्य की जानकारी ली। कावरे ने जिला मुख्यालय बेमेतरा में सी-मार्ट का भी मुआयना किया और महिला समूह द्वारा बेचे जा रहे उत्पाद की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. वन्दना भेले सहित चिकित्सा स्टाफ उपस्थित थे।

# नौकरी लगाने के नाम पर दो लोगों से ठगी

## आरोपी को बेलगहना पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।




चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग में ऊंची पहचान बताकर ठगी करने वाले आरोपी को बेलगहना पुलिस ने किया गिरफ्तार। चौकी बेलगहना में 23 मई 22 को प्रार्थिया शांति उइके चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई की पृथमपुर पेंड्रा निवासी राहुल मरावी उर्फ नेवल दास द्वारा नौकरी लगाने के नाम से प्रार्थिया से 1 लाख 80 हजार रुपये व उसकी सहेली ममता पाव से 80 हजार रुपये का धोखाधड़ी कर ठगी किया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बिलासपुर पारुल माथुर के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रोहित झा ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में बेलगहना टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राहुल मरावी उर्फ नेवल दास उर्फ नैलुपुरी पिता लखन दास उम्र 30 वर्ष सा पृथमपुर थाना पेंड्रा जिला जीपीएम को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# जन्मजात मोतियाबिंद के 8 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी एवं नोडल अधिकारी डॉ.योगेश पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायू) अंतर्गत आज जिला चिकित्सालय में डॉ.मीना पटेल (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं उनकी टीम द्वारा जन्मजात मोतियाबिंद के 8 मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। जहाँ जन्मजात मोतियाबिंद से ग्रसित मरीज 12 वर्षीय गगन कुमार एवं 14 वर्षीय गौरी लाभान्वित हुए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा से चिरायु टीम-डॉ.भानु कुर्रे, डॉ. रीना नायक, बृजमोहन यादव (नेत्र सहायक),रश्मि कुजुर (फार्मासिस्ट), पनखेजिनी गुप्ता (एएनएम) द्वारा इलाज हेतु चिन्हांकित किया गया। साथ ही विकासखण्ड लैलूंगा से 10 वर्षीय आरूषी पैंकरा, हरि शंकर मांझी, रामवती पैंकरा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा आरबीएसके टीम-लैलूंगा-डॉ.मोनीष रजा, फीरत राम बियर (फार्मासिस्ट),रविकांत भगत, चित्ररेखा यादव (एएनएम)द्वारा इलाज हेतु चिन्हांकित किया गया।



### अवयस्क बालिका के साथ अश्लील हरकत करने वाला आरोपी 24 घण्टे के भीतर गिरफ्तार

**गरियाबंद** । सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम केशोडार का है जहां के एक प्रार्थी ने दिनाँक 25 मई 2022 को सिटी कोतवाली गरियाबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी अवयस्क पुत्री के साथ दर्रापारा निवासी रिजवान द्वारा अश्लील हरकत किया कि रिपोर्ट मामला गंभीर प्रकृति का तथा अवयस्क बालिका से संबंधित होने पर सिटी कोतवाली गरियाबंद के नवपदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक गौतम गावड़े द्वारा तत्काल प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया।

अपराध कायम होने के बाद हालात से जिला के आलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला गरियाबंद के पुलिस कप्तान जे0आर0 ठाकुर के दिशा-निर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश ठाकुर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली गरियाबंद के नवपदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक गौतम गावड़े द्वारा टीम गठित कर थाना क्षेत्र के मुखबिर को सक्रिय किया गया

### छत्तीसगढ़ किसान सभा एवं आदिवासी एकता महासभा ने ग्राम हरिहरपुर पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को दिया समर्थन

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।

छत्तीसगढ़ किसान सभा एवं आदिवासी एकता महासभा के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचकर हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन व्यक्त किए उन्होंने धरना आंदोलन को जायज बताते हुए केंद्र तथा राज्य सरकार से आग्रह किया कि इनकी माँगो को जल्द पूरा कर हसदेव में प्रस्तावित सभी कोयला खदानो को रद्द किया जाए । छत्तीसगढ़ किसान सभा की ओर से राज्य समिति के सचिव ऋषि कुमार गुप्ता एवं जिला सचिव सी पी गुप्ता आदिवासी एकता महासभा से राज्य सचिव श्री बाल सिंह राज्य अध्यक्ष कृष्ण कुमार जिला आदिवासी एकता महासभा रोशन नागेश ,सूरजपुर जिला से आदिवासी एकता महासभा जिला सचिव सुरेंद्र लाल सिंह नेटी उपस्थित हुए और इस लड़ाई को आगे लड़ने की लिए आह्वान किया




# जिला चिकित्सालय में हुआ चिरायु शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




राज्य शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत रायगढ़ जिले में चिरायु शिविर का आयोजन किया गया। जिले के 9 विकासखण्ड के 19 टीम में कार्यरत चिरायु दलों द्वारा विभिन्न कैटेगरी अंतर्गत चिन्हांकित 0 से 18 वर्ष के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार हेतु आयुष्मान भारत में अनुबंधित फोर्टिस ओ.पी.जिंदल हॉस्पिटल रायगढ़ के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.विलियम अलेकजेंडर नंदा एवं जिला चिकित्सालय के अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आज जिला चिकित्सालय रायगढ में 199 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार किया गया। कैम्प में 0 से 18 वर्ष के ऑगनबाड़ी, स्कुल में पंजीकृत बच्चे जिनमें न्यूरल ट्यूब दोष 01 जन्मजात ह्रदय रोग के 54 मरीज, कटे-फटे होठ एवं तालू के 01 मरीजए पैर की विकृति के 07 मरीजए स्पीच एंड लेग्वेज डिले 10 मरीजए जन्मजात मोतियाबिंद 09 मरीज, जन्मजात श्रवण बाधित के 04 मरीज, दृष्टि दोष के 23 मरीज, कुपोषित बच्चों के 06 मरीज, क्लब फूट के 07 मरीज, कंजेनाइटल डिसप्लेसिया ऑफ हिप के 02 मरीज, अस्थि रोग संबंधित 13 मरीज, चर्म रोग संबंधित 02 मरीज, नेत्र रोग के 23 मरीज एवं अन्य मरीजों का परीक्षण एवं उपचार तथा उच्च संस्था में जॉच व आपरेशन हेतु चिन्हांकित किया गया है। जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.मीना पटेल तथा टीम द्वारा जन्मजात मोतियाबिंद के 8 बच्चों का आज ही सफल ऑपरेशन किया गया। जिन बच्चों का सर्जरी हेतु चिन्हांकित किया गया है उनका अनुबंधित अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क इलाज कराया जायेगा। उक्त शिविर की तैयारी एवं कार्यक्रम के आयोजन में जिला नोडल अधिकारी डॉ.योगेश पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार, जिला अस्पताल के स्टॉफ, आरबीएसके टीम एवं जतन रायगढ़ के स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# भाजपा नेता विकास केडिया पहुंचे छिछोरे उमरिया

## गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में हूए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पुसौर के ग्राम छिछोर उमरिया में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में भाजपा नेता विकास केडिया पहुंचे साथ ही उन्होंने वहां श्रीमद्भागवत कथा में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासीयों के लिए सुख समृद्धि कि कामना की एसाथ उन्होंने ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने से गांव व गांव के आस पास के क्षेत्रों मे भी एक भक्तिमय वातावरण बन जाता है।





श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होने से गांव के लोग एवं दूसरे गांवों से भी लोग कथा सुनने आयोजन स्थल पहुंचते है जिससे गांव में भक्तिमय वातावरण के साथ आपसी भाईचारा का वातावरण बनता है। आयोजन स्थल के बाद में भाजपा नेता विकास केडिया पुसौर मंडल के भाजयुमो उपाध्यक्ष दु:खनाशन गुप्ता के घर पहुंचे जहां उन्होंने पुराने व नये कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर उनका हाल जाना और गांव व आस-पास के क्षेत्र के विषय में चर्चा की उसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ वहां नव निर्मित जगन्नाथ मंदिर पहुंच,जगन्नाथ प्रभु का आशीर्वाद लिया और क्षेत्र के विकास की कामना की।

साथ में भाजपा अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शशिभूषण चौहान, भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अंकित मिश्रा, भाजयुमो नगर उपाध्यक्ष अंकुर गोरख,भाजयुमो मंडल महामंत्री अविनाश गुप्ता,भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष दुखनाशन गुप्ता और रुपेश पंडा, भाजयुमो मंडल मीडिया प्रभारी रोहन साव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिशुपाल भोय, वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता सुभाष गुप्ता,युवा नेता कौशल प्रधान, सुनील गुप्ता,संजय बरेठ, दीपक गुप्ता, प्रकाश बानी,जतिन कलाईत पडीगॉव,आकाश माझी,करन सिंग देवना, अक्षय कलाईत,जैन कलाईत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासियों कि उपस्थिति रहीं।

# कौशल विकास के साथ बढ़ाये महिला समूहों की आय-कलेक्टर

## मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर श्री सिंह व सीईओ डॉ.रवि मित्तल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**महिला समूहों की आय बढ़ाने के लिए उनका कौशल विकास (स्किल डेवल्पमेन्ट)बेहद जरूरी है। नयी तकनीकों और विधाओं को सीखकर महिला समूह रोजगार के नये अवसर सृजित कर सकती है। इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें जरूरी प्रशिक्षण दिया जाए।**







यह प्रशिक्षण सिर्फ मशीन चलाने या तकनीक के बारे में न होकर उद्यमिता के सारे आयामों से संबंधित होना चाहिए। यह बातें कलेक्टर भीम सिंह ने जिले के गौठानों में तैयार मल्टी एक्टिविटी सेंटर्स के निरीक्षण के दौरान कही। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल भी इस दौरान उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने सबसे पहले भेलवाटिकरा गौठान में राधा स्व-सहायता समूह द्वारा चलाये जा रहे फ्लाईऐश ब्रिक यूनिट को देखा। यहां उन्होंने समूह की महिलाओं से फ्लाईऐश ब्रिक निर्माण कार्य के बारे में पूछा। महिलाओं ने बताया कि पिछले पांच महीनों में उन्होंने साढ़े आठ लाख रुपये की ईंट बेच ली है। जिसमें से तकरीबन सवा चार लाख रुपये का मुनाफा उन्हें मिला है। इसमें डेढ़ लाख रुपये उन्होंने बैंक की किश्त भी चुकायी है। अभी आसपास के खरीददारों से उन्हें आर्डर मिल रहे है। कलेक्टर सिंह ने महिला समूह के कार्य की सराहना करते हुए काम को व्यापक स्तर पर बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने डोंगीतराई गौठान में संचालित मल्टी एक्टिविटीज सेंटर का भी जायजा लिया। यहां पर महिलाओं द्वारा दाल प्रोसेसिंग यूनिट, बटेर पालन, सब्जी उत्पादन, मछली पालन, आटा चक्की जैसे कार्य किए जा रहे है। उन्होंने हर समूह से बारी-बारी उनके काम की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पाद के मार्केट लिंकेज के लिए कार्य करने को कहा।

कलेक्टर सिंह ने पुसौर विकासखण्ड के तरडा गौठान में चल रहे मल्टी एक्टिविटीज सेंटर का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने हो रहे कार्यों के बारे में समूह के सदस्यों से जानकारी ली। बताया गया कि यहां पर कोसा के धागे की रिलिंग, आचार निर्माण, सब्जी उत्पादन, अगरबत्ती निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यहां फूट वियर तथा नूडल्स तैयार करने की मशीन भी मंगायी गयी है। कलेक्टर श्री सिंह ने इन मशीनों के संचालन के साथ ही तैयार उत्पादों के मार्केटिंग व सेल्स की भी ट्रेनिंग देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यहां पर उन्होंने महिला समूह की मांग पर अगरबत्ती बनाने की मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए।

### बाड़ी में लगाये जल्द फलने वाले पौधे

कलेक्टर भीम सिंह ने कछार में विकसित की जा रही सामुदायिक बाड़ी का भी निरीक्षण किया तथा यहां काम करने वाली महिला समूह के सदस्यों से चर्चा की। सदस्यों ने बताया कि 10 एकड़ में बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। यहां आम, अमरूद, जामून के पौधे लगाए गए है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बाड़ी में जल्द फलने वाले पौधे जैसे पपीता व केला भी लगाया जाए। उन्होंने यहां सिंचाई व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। बताया गया कि वर्तमान में एक बोर किया गया है तथा एक अन्य बोर किए जाने की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर श्री सिंह ने दूसरा बोर करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## एक नजर

### इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायवर कम मैकेनिक हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायवर कम मैकेनिक हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसके लिए 4 जून 2022 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, निवास, जाति, बीपीएल एवं एपीएल प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज की फोटो शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में जमा कर सकते है। प्रशिक्षण की कुल अवधि 600 घंटे तथा प्रति दिवस 4 घंटे की होगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक के लिए न्यूनतम आठवीं पास तथा ड्रायवर कम मैकेनिक के लिए पांचवी पास होना अनिवार्य है।

### परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र हेतु जिला परिवहन कार्यालय रागयढ़ में निर्धारित अंतिम तिथि तक कुल 42 आवेदनों की प्राप्ति हुयी है। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा पात्र/अपात्र की सूची तैयार की गयी है। जिसकी सूची परिवहन कार्यालय में उपलब्ध है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदक को कोई आपत्ति हो तो वे 3 जून 2022 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित कर सकते है।

### जिन बच्चों ने बढ़ाया मान, उनका होगा सम्मान

28 मई को होगा जिला स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह

स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम होंगे शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता का परचम लहराने वाले जिले के 21 मेधावी छात्रों का सम्मान होने जा रहा है। 28 मई को जिला स्तरीय मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम भी सम्मिलित होंगे। यह सम्मान समारोह 28 मई को दोपहर 12.30 बजे से 1.30 बजे तक नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश स्तर पर 10 वीं तथा 12 वीं की परीक्षा में टॉपटेन में जगह बनाने वाले छात्रों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में 98.67 प्रतिशत अंक के साथ पहला स्थान प्राप्त करने वाली सुमन पटेल और 12 वीं की परीक्षा में 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर स्टेट टॉपर बनने वाली कुंती साव सहित 21 छात्रों का सम्मान किया जाएगा।

#### ये टॉपर्स होंगे सम्मानित

कक्षा 10 वीं की परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाने वाले प्रथम-कु.सुमन पटेल, द्वितीय कु.मुस्कान अग्रवाल, पांचवें स्थान पर आये कु.खीरमती राठिया, नेहा तिवारी, कु.देवकी पटेल, कु.रितु साव, छठवें स्थान पर आये कु. नेहा प्रधान, कु.विनीता सुपकर, कु.अंजली नायक व कु.नूपुर पटनायक, सातवें स्थान पर आये कु. पायल डनसेना व धर्मेंद्र पटेल, आठवें स्थान पर आये कु. नंदिनी यादव और कु.एकता रानी साहू, 9 वें स्थान पर रहे कु.ज्योति मेहर एवं 10 वें स्थान पर रहे कु.कुसुम साव और कु.मेघा श्रीवास्तव एवं कक्षा 12 वीं की परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाने वाले पहले स्थान पर कुंती साव एवं 5 वें स्थान पर रहे शिवम साव एवं प्रावीण्य सूची में शामिल एकांत प्रधान और कु.नीति पांडेय को सम्मानित किया जाएगा।

### गोदना कला प्रशिक्षण के माध्यम से आर्थिक स्वालंबन के लिए हस्तशिल्प विभाग ने की पहल

**गरियाबंद** । जिले में पहली बार गोदना कला में महिलाएं प्रशिक्षण दिया गया,जिसमे महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन बनाने के लिए गोदना कला को नए तरीके से बनाने की शुरुआत की गई हैं।

ज्ञात हो कि प्राचीन समय के प्रचलित गोदना कला को आजीविका का माध्यम बनाने और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तीन महीने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 20 महिलाएं पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किये है। गोदना कला शरीर से जुड़ी हुई थी। पहले आदिवासि इलाकों में महिलाएं शरीर पर गोदना गोदवाती थी,जबकि व्यवहारिक तौर पर आजकल गोदने की प्रथा बंद सी हो गई है,जिसका स्थान टैटू ने ले लिया है। वही बदले दौर में कपड़ों पर गोदना कर सुंदरता बढ़ाई जा रही है। जिसके लिए हस्तशिल्प विभाग द्वारा प्रशिक्षण देकर महिलाओं को सशक्त बनाया जा रहा है।जिला मुख्यालय से लगे हुए ग्राम आमदी (म) में छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड जिला गरियाबंद (डोगरीगांव) के तत्वाधान में गोदना प्रशिक्षण का आयोजन कर महिलाओं को तीन महीने का प्रशिक्षित दिया गया।

# वार्डवासियों को मिली पेयजल की सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



पत्थलगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 में पेयजल समस्या को दूर करने के लिए स्थानीय पार्षद मेरी तिर्की की अगुवाई में वार्डवासियों की मांग पर विधायक रामपुकार के द्वारा स्वीकृत दो नग बोर खनन की शुरुआत होने से वार्डवासियों में हर्ष व्याप्त है। पार्षद द्वारा वार्ड क्रमांक 1 के प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं जि पं. सदस्य आरती सिंह से भी इस कार्य के लिए मार्गदर्शन लिया गया। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में लगातार पानी की समस्या से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी पदयात्रा के दौरान विधायक रामपुकार सिंह को देने पर पानी की समस्या को दूर करने बोर खनन कार्य का शुरुवात हुआ। आरती सिंह की सक्रियता गर्मी में पानी की समस्या से वार्डवासियों को तत्काल राहत दिलाने के लिए पार्षद मेरी तिर्की ने वार्ड 1 में दो जगह खोदे गए बोर खनन की शुरुआत कर वार्डवासियों को पानी दिलाने का शुभारंभ किया है अब प्रतिदिन वार्डवासियों को सुबह और शाम दोनों समय वार्ड 1 में ही खोदे गए बोर से आवश्यकतानुसार पानी मिलने लगेगा। जिससे वार्डवासियों ने विधायक रामपुकार सिंह का के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बजरमुड़ा किसानों के मुआवजे चेक के बदले करोड़ों की अवैध उगाही

लगभग 400 करोड़ रुपए का होना था मुआवजा राशि वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-घरघोड़ा।

**तमनार सीएसपीजीसीएल सेक्टर-3 कोल माइंस जिसका उत्खनन एवं परिवहन का काम अडानी ग्रुप को मिला है वही किसानों की जमीनों के जमीनों के भू-अर्जन के मुआवजे वितरण में करोड़ों रुपए की अवैध उगाही की जानकारी मिल रही है जानकारी के लिए बता दें सीएसपीजीसीएल कोल माइन्स बजरमुड़ा ढोल नारा भालूमुंडा टिहरी रामपुर डोलेसरा आदि 26 प्रभावित गांव से किसानों की जमीनों को भू-अर्जन कर कोयला उत्खनन का कार्य अडानी द्वारा सीएसपीजीसीएल कोल माइंस से करना है**



**जल्द किसानों से मिलने आएंगे छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

जिसमें की बजरमुड़ा प्रभावित किसानों के मुआवजा की राशि का वितरण लगभग लगभग किया जा चुका है जिसमें क्षेत्र के बहुल्य आदिवासी होने के कारण लोग बहुत सीधे-साधे हैं तथा इनके चेक वितरण में काफी धांधली की खबरें निकल कर आ रही है बताया जा रहा है कि घरघोड़ा अनुविभागीय संरक्षण में भू-अर्जन शाखा से किसानों को चेक वितरण के लिए कुछ परसेंटेज प्रतिशत के रूप में राशि ली गई है तब जाकर किसानों को उनके हक की मुआवजे की राशि का चेक वितरण किया गया है सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि मुआवजा शाखा के ही कुछ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दलाली के रूप में किसानों को चेक दिलवाने के एवज में कमीशन खोरी की गई है। जिसकी जांच के लिए तथा प्रभावित किसानों से मिलने के लिए छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. चौलेशवर चंद्राकर जी तथा छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू का बजर मुड़ा ग्राम में अति शीघ्र आगमन होने वाला है तथा बजरमुड़ा के सभी प्रत्येक प्रभावित किसानों से जानकारी लेंगे कि आखिर मामला क्या है कितनी इस बात पर सच्चाई है बारी-बारी से किसानों से भेंट मुलाकात कर सच्चाई सामने लाई जाएगी तथा दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ मुख्यमंत्री जी से शिकायत कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की बात कही जा रही है छत्तीसगढ़ के किसानों ने भूपेश सरकार पर विश्वास जताते हुए कांग्रेस की सरकार बनाई है और अगर किसी तरह उनके साथ अवैध उगाही की गई है इस पर माननीय मुख्यमंत्री से शिकायत कर किसानों के हक की राशि मुआवजे वापस दिलाए जाएंगे माननीय डॉ. चौलेशवर चंद्राकर एवं रामविलास साहू बजरमुड़ा ढोलनारा तथा आसपास के सभी प्रभावित गांव में किसानों से जनसंपर्क कर चौपाल लगाकर किसानों से मिलेंगे।

# पुजारी के घर से मंदिर का समान और बर्तनों की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



पुलिस थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत पत्थलगांव मेन रोड में स्थित सलखिया हनुमान मंदिर के पुजारी के पुराने मकान से बर्तन व मंदिर के घंटी वगैरह चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये सारे समानों की बरामदगी कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। पुजारी द्वारा थाना लैलूंगा में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। घटना के संबंध में मंदिर के पुजारी सुधांसु पण्डा 60 वर्ष थाना लैलूंगा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 मई 2022 की रात्रि करीब 7.8 बजे मंदिर से पुजा पाठ कर अपने घर वापस घर चला गया था। मंदिर के पास पुराना घर जो 3-4 माह से खाली पड़ा उसके पास रखने वाली राधिका सोनी फोन कर बताई कि पुराने घर में कोई चोर घुसा था। तब आकर देखा घर के उपर का छप्पर टुटा हुआ था और अंदर पेटी में रखे नगदी 2000 रूपये एवं मंदिर का समान घंटी, बर्तन, ताबीज, धोती,गमछा, जुमला 3,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना दरम्यान मौका निरीक्षण पर पहुंचे थाना प्रभारी लैलूंगा नारायण सिंह द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ किया गया जिसमें गांव सलखिया के शांतनु पैंकरा पर चोरी का संदेह किये जिस पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। शांतनु पैंकरा बताया कि रुपयों की जरूरत पर उसने दिनांक 21मई 2022 की रात्रि सुधांशु पंड़ा के पुराने मकान का छप्पर तोड़कर मकान अंदर प्रवेश कर पुराना पेटी से 2 नग पीतल घंटी, 2 नग स्टील की थालीए एक नग पीतल का छोटा गंजी सिल्वर का ढक्कन सहित, एक स्टील का छोटा झारा चोरी कर अपने घर ले गया जिसे पेटी में छुपा कर रखा था। आरोपी शांतनु पैंकरा पिता जागेश्वर पैंकरा उम्र 26 वर्ष निवासी सलखिया थाना लैलूंगा के मेमोरेंडम पर पुलिस द्वारा आरोपी से चोरी की संपत्ति की बरामदगी कर आरोपी को नकबजनी के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी एवं चोरी के माल की बरामदगी कार्रवाई में थाना प्रभारी लैलूंगा के साथ प्रधान आरक्षक रामरतन भगत, सोमेश गोस्वामी शामिल थे।

# नक्शा अपडेशन में लाएं तेजी-कलेक्टर भीम सिंह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में भू-अभिलेख तथा नक्शा अद्यतीकरण की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को नक्शा बटांकन के चल रहे कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।**



उन्होंने इस कार्य को मिशन मोड में करने के लिए कहा। जिससे शत-प्रतिशत अभिलेख अद्यतीकरण का लक्ष्य जल्द प्राप्त किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने राजस्व न्यायालयों के सभी विवादित, अविवादित, प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रत्येक प्रकरण ऑनलाईन पंजीकृत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकरण ऑनलाईन दर्ज नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसकी जांच हेतु उन्होंने सभी एसडीएम को अपने अधीन राजस्व न्यायालयों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने एवं समय-सीमा के बाहर लंबित होने पर कारण का उल्लेख करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि सभी पटवारी अपने हल्कों में नियमित रूप से जाकर कार्य करें, साथ ही कहा कि सभी तहसीलों में मिसल उपलब्ध होने चाहिए। कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों की शासकीय नजूल भूमि आबंटन की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नजूल भूमि व्यवस्थापन एवं राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत राजस्व अधिकारी पात्र हितग्राहियों को नजूल पट्टों का भूमि स्वामी हक प्रदान करने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं फ्री होल्ड वाले प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवासीय प्रयोजन से फ्री होल्ड किए गए भूमि का व्यवसायिक उपयोग होने पर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही करें। उन्होंने व्यवस्थापन हेतु सर्वे का कार्य एक माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत ओलावृष्टि व फसल क्षति, प्रकरण पर मुआवजा का वितरण की जानकारी ली। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया कि पुराने प्रकरणों में मुआवजा वितरित कर दिया गया है। पिछले दिनों घरघोड़ा में हुयी ओलावृष्टि से कुछ मकान व फसलों का आंशिक क्षति हुयी है उसके मुआवजा के प्रकरण तैयार कर वितरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर श्री सिंह ने डिजीटल हस्ताक्षर सत्यापन की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनचौपाल एवं कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने जिले में वन अधिकार पट्टे वितरण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने वन अधिकार पट्टों के नक्शे पर व्यवस्थित रूप से चौहद्दी तथा दूसरे लैण्डमार्क का उल्लेख करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में खाद्य निरीक्षकों के कामकाज की भी समीक्षा की। उन्होंने निरीक्षकों द्वारा प्रतिमाह उचित मूल्य के दुकानों के निरीक्षण तथा जनसमस्या निवारण शिविर में राशन कार्ड संबंधी आवेदनों के निराकरण के बारे में विकासखण्डवार जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खाद्य निरीक्षक हर माह उनके क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 10 प्रतिशत दुकानों का अनिवार्य निरीक्षण करें। कलेक्टर सिंह ने ओबीसी राशन कार्ड बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन भण्डारण एवं वितरण नियत समय में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के बदले अन्य फसल लगाने वाले किसानों के भुगतान का वेरीफिकेशन कर ले। किसी किसान के खाता संबंधी त्रुटि के कारण यदि राशि ट्रांसफर नहीं हो पायी है तो तत्काल त्रुटि सुधार करवायें, जिससे राशि खाते में अंतरित हो सके।

# गेरसा में वन विभाग की छापेमार कार्यवाही, भारी मात्रा में चिरान लकड़ी बरामद





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

डीएफओ धरमजयगढ़ के दिशानिर्देश व एसडीओ के मार्गदर्शन में धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ के गेरसा गांव में वन विभाग ने बड़ी छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसमें भारी मात्रा में चिरान लकड़ी बरामद की गई है। साथ ही 5 आरोपियों को गिरफ्तार करने की खबर है। इसके अलावा इस मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिए जाने की खबर है, जिसमें कथित मुख्य आरोपी भी शामिल है।

इस कार्रवाई के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों सुबह से शुरू हुई इस रेड के दौरान जंगल में लकड़ी की अफरा तफरी में शामिल 5 लोगों से कड़ाई से पूछताछ करने के बाद उनकी निशानदेही पर एक स्थानीय निवासी के यहां सर्च करने पर भारी मात्रा में सराई लकड़ी के चिरान मिले है। इसके अलावा गांव के एक अन्य व्यक्ति के घर से चिरान लकड़ी बरामद की गई है। वन विभाग की कार्यवाही अगले दिन भी जारी रही। इस संबंध में संबंधित क्षेत्र के सर्किल प्रभारी ने मामले के संबंध में धरमजयगढ़ रेंजर से डिटेल लेने की बात कही गई। जिसके बाद धरमजयगढ़ फरेस्ट एसडीओ बालगोविंद साहू से मामले के बारे में पूछने पर इस संबंध में बताया की कार्यवही प्रक्रियाधीन है, अभी भी कुछ कागजी और गणना संबंधी कार्य बाकी है।

# ओवरलोड गाड़ियां एवं उड़ती धूल से शहरवासी परेशान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।




ओवरलोड ट्रकों की तेज रफ्तार एवं उससे उड़ते धूल से शहरवासी परेशान हैं। विगत कुछ वर्षों से शहरी क्षेत्र में सड़कों की जर्जर हालत के कारण उड़ते धूल से जनता परेशान थी। अब उसमें कोयला एवं फ्लाईएश लेकर तेज रफ्तार दौड़ती ओवरलोड ट्रकों ने रही सही कसर पूरी कर दी है। रायगढ़ रोड, खरसिया रोड, पत्थलगांव रोड एवं कापू रोड किनारे स्थित मकान एवं दुकानदारों को तो और भी ज्यादा परेशानी हो रहा है। ट्रकों से गिरते कोयले के टुकड़े एवं फ्लाईएश के उड़ते कण लोगों को गम्भीर बीमारी परोस रहा है। आज दोपहर एक फ्लाईएश लोड ट्रक रायगढ़ रोड से आकर खरसिया रोड तरफ जा रहा था। जिससे जगह जगह फ्लाईएश गिर रहा था। एसडीएम कार्यालय के सामने तो बहुत ज्यादा मात्रा में फ्लाईएश गिरा। जिससे आसपास के दुकानदारों ने ट्रक का पीछा करके उसे रोका और गिरे हुए फ्लाईएश को उठाने को कहा। बता दें कि शहर के बीचों बीच मुख्य सड़क अब कोयला एवं फ्लाईएश के धूल से काले नजर आने लगे हैं। नवपदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीमा पात्रे को शहर के पत्रकारों ने इस समस्या से अवगत कराया था। जिस पर एसडीएम ने पहल करने की बात कही थी।

# स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा सफल

जोहार छत्तीसगढ़.-धरमजयगढ़।




नगर के एकमात्र शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में प्रथम वर्ष छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जो परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत सफल रहा। सत्र 21-22 में घोषित किए गए परिणामों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा 11वीं में पायल पटेल 97 प्रतिशतए दसवीं में मयंक मेहर का 97 प्रतिशत, विकास 95 प्रतिशत जो विकासखंड में प्रथम स्थान पर रहे। कक्षा नवमी में रुमाल खान 88 प्रतिशत, कक्षा आठवीं में देव कुमार पटेल 94.6 प्रतिशत, कक्षा 7 में मनीषा टंडन 98 प्रतिशत, कक्षा 6 में स्वस्तिका साहू 96 प्रतिशत, कक्षा 5 में टीकांशु गुप्ता 95.75 प्रतिशत, कक्षा चौथी में नूतन 96 प्रतिशत, कक्षा तीसरी में आरव महत्व 96 प्रतिशत, कक्षा दूसरी में दक्ष राव सावरकर 97 प्रतिशत, कक्षा पहली में रितिका साथी ने 97.58 प्रतिशत लेकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य एवं सभी शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।संस्था के प्राचार्य हकीम उल्ला खान ने बताया कि इस वर्ष निर्माण संबंधी एवं अन्य चुनौतियों के साथ शत.प्रतिशत परिणाम पूरे विद्यालय स्टाफ के लिए हर्ष का विषय है। परीक्षा परिणाम पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है तथा सभी शिक्षकों एवं छात्रों के मेहनत से परीक्षा परिणाम सर्वोत्कृष्ट रहा। आगामी सत्र में सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से स्कूल संचालित होगा। जिससे और भी अच्छा किया जा सकता है।

## उद्योग लगाने 25 लाख रूपये, व्यवसाय के लिए दो लाख रूपए मिलेगा ऋण

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजनान्तर्गत ऋण लेने आवेदन 30 जून तक

**कोरबा** । कोरबा जिले में वर्ष 2022-23 में अपना उद्योग या व्यवसाय स्थापित करने के लिए युवाओं को ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। जिले में पात्र शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत उद्योग स्थापित करने, सेवा सेल की गतिविधियां, व्यवसाय करने के लिए ऋण प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए जिले के इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 30 जून 2022 तक आवेदन कर सकते है। ऋण लेने के लिए अभ्यर्थी कार्यालय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा कलेक्टोरेट परिसर में स्वंय उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते है। उद्योगों की स्थापना के लिए अधिकतम 25 लाख रूपए सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 10 लाख रूपए तथा व्यवसाय करने के लिए अधिकतम दो लाख रूपए तक का ऋण रियायती ब्याज पर दिया जायेगा।

## देवतुल्य चिकित्सकों का सम्मान की बजाय मारपीट कर रहे कांग्रेसी

दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर सड़क पर उतर कर विरोध करेगी भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



रायगढ़ सांसद गोमती साय ने जशपुर जिले के दुलदुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात के समय डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ कांग्रेस के विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन के समर्थकों द्वारा मार पीट करना निंदनीय है। एक जिम्मेदार राज नेता की उपस्थिति में अराजकता फैलाना, गुंडाराज बढ़ावा देना ठीक नही है। मध्य रात्रि में प्रशासन के अधिकारी और क्षेत्रीय विधायक एवं संसदीय सचिव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्या जांच करने गए। अगर जाना इतना ही आवश्यक था तो शराब के नशे में धुत समर्थको के साथ जाने की क्या जरूरत थी। साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार जशपुर के शांत वातावरण में अराजकता का विष

**दुलदुला की घटना पर कांग्रेसियों की गुंडागर्दी पर भड़की सांसद गोमती साय**

घोल रहे है। कोरोना काल मे अपने जान की परवाह किये बिना रात दिन मरीजों की सेवा करने वाले डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का जहां सम्मान होना चाहिए। वंहा उनके साथ मार पीट की जाती है। ये लोग देव रूप में लोगों की सेवा करते है। वही लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर नोकरी तक छोड़ने के लिए तैयार है। यह साधारण बात नहीं है। जनता सब देख रही है आने चुनाव में इनके गुंडाराज का जबाब देगी। आगे साय ने कहा कि शासन प्रशासन इस घटना के दोषियों पर तत्काल कठोर कार्यवाही करें एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करें। आरोपियों के खिलाफ एफ आईआर और गिरफ्तारी की कार्रवाई न होने पर सांसद ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### एक नजर

## लमडांड़ में किसान कृषि शिविर का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत सांसद आदर्श ग्राम लमडांड़ में जनपद सदस्य मनोज सतपथी व सरपंच लमडांड़ की उपस्थिति में कृषि विभाग टीम लैलूंगा द्वारा किसान शिविर का आयोजन किया गया किसानों को शिविर में कृषि विभाग की सभी योजनाओं के विषय में एसएडीओ लोभन साय सारथी द्वारा एवं एडीओ भगत आरईओ पुरूषोत्तम नायक द्वारा जानकारी दिया गया। किसानों को निःशुल्क में डीएमएफ योजना अंतर्गत वीडर एवं कीटनाशक वितरण किया गया। इस शिविर में लगभग 120 किसान उपस्थित हुए किसान सांसद आदर्श ग्राम लमडांड़ में किसानों के सफल शिविर आयोजन के लिये कृषि अधिकारी द्वारा जनपद सदस्य मनोज सतपथी और ग्राम के सरपंच को धन्यवाद दिया गया।

## नाबालिग लड़की घर से लापता, पिता ने थाने में दर्ज कराई शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

सप्ताह भर पहले नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई है। जिसकी सूचना लड़की के पिता ने थाने में दी है। मामला कापू थाना क्षेत्र की है। जहां लड़की के पिता लीलाम्बर उर्फ नीलाम्बर दास महंत उम्र 48 वर्ष ग्राम कुम्हीचुंआ थाना कापू ने बताया कि 19 मई 2022 को पूरा परिवार खाना खाकर सो गये थे। रात्रि लगभग 11.30 बजे नीलाम्बर उठा तो देखा कि उसकी लड़की उम्र 17 वर्ष घर पर नहीं थी। आस पास पड़ोसियों में पूछताछ करने पर कुछ पता नहीं चला। लड़की के पिता नीलाम्बर ने शिकायत में कहा है कि ऐसा प्रतित होता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसला कर भगा ले गया होगा। लड़की के पिता के रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। वहीं पुलिस द्वारा रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 13/2022 कायम कर जांच पतासाजी की जा रही है। लापता लड़की का रंग गोरी, चेहरा गोल, बाल भूरा लम्बा, उंचाई 05 फीट, काला कलर का सलवार कुर्ती पहनी है। काला रंग का दुपट्टा पकड़ी है। नाक में सोने का नथनी, कान में बजारू टप्स पहनी है। जो कक्षा 10 वीं तक पढ़ाई की है हिन्दी और छत्तीसगढ़ी बोलती है।

## घर के बाहर खड़ी कार का नंबर प्लेट ले उड़े चोर

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





घर के सामने खड़ी कार को चोरी करने की कोशिश की गई लेकिन इसका कार का लाक नहीं खुल पाया जिससे चोर चोरी करने में नाकाम हो गये और पीछे के नंबर प्लेट ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 10 ए एक्स 3638 स्विफ्ट कार प्रमोद कुमार मिश्रा की है जो पेशे से वकील है निवासी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पास तहसील कार्यालय के सामने वार्ड क्रमांक 7 घर के सामने रोज की तरह आज भी कार को खड़ी कर खाना खाकर रात 10 बजे सो गया था सुबह उठ कर देखे तो किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार को चोरी करने की नाकम कोशिश किया गया। कार की चाबी नहीं होने पर लॉक नहीं खुलने पर चोरों ने आगे और पीछे के नंबर प्लेट ले उड़े जिसकी सूचना रतनपुर थाने में दी गई जिस पर रतनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोर का पतासाजी में जुट गई।

# झलप क्षेत्र के गांवों में मिली विकास कार्यों की सौगात

**संसदीय सचिव ने किया सीसी रोड व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन**

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

झलप क्षेत्र के ग्राम मुनगासेर, गुडेलाभांठा व जोबाकला में सीसी रोड, सामुदायिक भवन व रंगमंच की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। बुधवार को ग्राम मुनगासेर, गुडेलाभांठा व जोबाकला में विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद सदस्य हेमन्त डड़सेना, सीटू सलूजा, ढेलू निषाद, सोनू राज, राजू दीवान, राजा गंभीर, सचिन गायकवाड़ए ईश्वर यादव, माणिक साहू, कीर्ति कोसरिया मौजूद थे।



अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि शहर के साथ-साथ गांवों में भी प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता में रही है। इसी को ध्यान में रखकर विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृति कराई जा रही है। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल क्षेत्र के विकास में फंड देने में कोई कमी नहीं कर रही है। भूपेश सरकार गांव की विकास की ओर आगे बढ़ रही है। गांव के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों के समुचित विकास के लिए कांग्रेस सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है कि विगत 3 वर्ष में प्रदेश के किसानों की आमदनी बढ़ी है और किसान समृद्धि की राह पर आगे बढ़े हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच शत्रुघन चेलक, आसमती दीवान, कौशिल्या पटेल, गोपाल पटेल, भुवन यादव, पवन दीवान, भुवनेश्वर पटेल, हलधर दीवान, पीला दाऊ, भोलाराम, पंचबाई, तोष दीवान, देवसिंग दीवान, गणेश राम पटेल, दाऊलाल दीवान, परमानंद पटेल, रिखीराम दीवान, घनाराम दीवान आदि मौजूद थे।

# पक्षकारों को न्याय के लिए लड़ते हैं अधिवक्ता और न्याय ईश्वर को पसंद है-यूडी मिंज

जोहार छत्तीसगढ़-कुनकुरी।



कुनकुरी बार ऐशोशिएसन के कार्यक्रम में आज संसदीय सचिव एवं विधायक कुनकुरी यूडी मिंज को आमंत्रित किया गया इस अवसर पर अधिवक्ता संघ कुनकुरी ने कई मांगों से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री तथा विधायक कुनकुरी द्वारा निरंतर आम जनता से सम्पर्क कर समस्याओं के त्वरित निदान हेतु सतत् प्रयास के लिए अधिवक्ता संघ ने विधायक का अभिनन्दन भी किया इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद हेडडा समेत अन्य वकील उपस्थित रहे । इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक कुनकुरी यूडी मिंज ने कहा कि मेरे माता पिता दोनों न्यायिक सेवा में रहे हैं इसलिए मेरा सभी अधिवक्ताओं के लिए विशेष प्रेम है आप सभी पक्षकारों के न्याय के लिए कोर्ट में लड़ते यह आपका पेशा है पक्षकारों को आम लोगों को न्याय का रास्ता दिखाते है यह बहुत बड़ी बात है। न्याय भगवान को भी पसंद है। उन्होंने कहा कि जब भी मेरी आवश्यकता होगी मैं आपके लिए सदैव साथ हूं। आप सभी की जो मांग है वह मैं पूरी करने की कोशिश करूंगा मुझे भी आपका मार्गदर्शन मिलते रहना चाहिए। क्षेत्र के लोगों के लिए क्या अवश्यक है किस तरह लोगों को मार्गदर्शन करना यह आपसे भी मुझे सीखने की जरुरत है उन्होंने बार एसोशिशन में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। अधिवक्ता संघ कुनकुरी के ज्ञापन में आम जनता को कानूनी विवादों में अपनी पक्ष प्रस्तुति तथा हित रक्षण हेतु काफी दुश्वारिया उठानी पड़ती है। उन्होंने लिखा कि अधिवक्ताओं को काफी कम फीस पर अपनी सेवायें देनी होती है जिसमे अधिवक्ताओं को भी कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके निराकरण हेतु ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में लिखा कि अधिवक्ताओं को झूठे मामलों में फंसाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाये जाने हेतु अधिवक्ता सुरक्षा कानून का अधिवक्ता संघों से विचार विमर्श उपरांत मसौदा तैयार कर तत्काल इसे लागू किया जाये। कुनकुरी, जशपुर जिले का हृदय स्थल है विधि एवं विधायी विभाग से सम्पर्क कर विशेष न्यायालय तथा परिवार न्यायालय आदि की स्थापना विकल्पतः लिंक कोर्ट शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये। अधिवक्ताओं की सुविधा हेतु विशाल बार रूम तथा ग्रंथालय एवं फर्नीचर आदि हेतु तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की जाये। पेय जल हेतु वाटर कुलर लगवाये जाये। राजस्व न्यायालयों के लिंक कोर्ट बंद करके तहसील मुख्यालय में ही सुनवाई पूर्ववत की जाये क्योंकि अधिवक्ताओं को कुछ कुछ मामलों में दुर जाकर पैरवी करना संभव नहीं है तथा पक्षकारों के लिये भी आर्थिक दृष्टि से हितकारी नहीं है।

लिंक कोर्ट से अधिवक्ता तथा पक्षकार दोनों को काफी हानि परेशानी होगी। राजस्व अधिकारियों पर समय सीमा में प्रकरणों के निराकरण का अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। जिससे न्याय विफल हो रहा है। सुविचारित ढंग से न्यायोचित कार्य किये जाने हेतु समय सीमा का बंधन आयुक्तिसंगत है। जिसके कारण राजस्व अधिकारी आनन-फानन में विधि विरुद्ध एवं प्रक्रिया विरूद्ध आदेश पारित कर रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन में उठायी गयी बातों का तत्काल निराकरण किये जाने का निवेदन किया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in